ISSN : 2454-1133

अनुग्रह ज्योति

2015

अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना

श्रेणी 'ए' – राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) द्वारा पुनर्मूल्यांकित

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यु.जी.सी.) द्वारा 'विशिष्ट' महाविद्यालय के रूप में रेखांकित

महाविद्यालय प्रार्थना

करो अनुग्रह हे नारायण,
ज्ञान की ज्योति जले...!
भासित अन्तर्मन जन-जन का,
जगमग जग कर दे ऽ ऽ...!
करो अनुग्रह ...!

आत्म विश्वास से भरा हृदय हो,
कर्म-धर्म हो, दया, विनय हो।
सत्य बने संबल जीवन का
ऐसा मन कर दे ऽ ऽ ऽ...!
करो अनुग्रह ...!

ऊँच नीच का भेद नहीं हो
स्वस्थ्य तन, अनुशासित मन हो,
विजयी हो संघर्ष हमारा
बाधा सब हर ले ऽ ऽ ऽ
करो अनुग्रह ...!

बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह

तुम केवल नश्वर न, अनश्वर भी थे।
मानव थे तुम सही, और कुछ ईश्वर भी थे।
इसलिए जब चले गये, तब भी विभूति बाकी है।
चारो ओर अनुग्रह की अनुभूति अभी बाकी है।

– कलेक्टर सिंह 'केसरी'

कृतज्ञ महाविद्यालय परिवार की हार्दिक श्रद्धांजलि

अनुग्रह ज्योति 2015

डॉ ललन सिंह, (प्रधानाचार्य)
प्रधान संरक्षक

डॉ. पूर्णिमा शेखर
संरक्षक

डॉ. कामेश कुमार
संरक्षक

डॉ. कलानाथ मिश्र
संपादक

संपादक मंडल

डॉ. शैलेन्द्र मिश्र

डॉ. बद्री नारायण सिंह

डॉ. के.के. सिंह

डॉ. बिमल प्रसाद सिंह

डॉ. अजय कुमार

डॉ. शैलेश कु. सिंह

डॉ. अरूण कु. सिंह

डॉ. कुमारी वीणा

डॉ. शबाना करीम

डॉ. कृष्णा सिंह

केशरी नाथ त्रिपाठी
राज्यपाल, बिहार

सत्यमेव जयते

राजभवन, पटना – 800 002
दूरभाष : 0612–2217626
फैक्स : 0612–2786184

शुभकामना संदेश

यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना की महाविद्यालयीय पत्रिका 'अनुग्रह ज्योति' का वर्ष २०१५ का अंक प्रकाशित होने जा रहा है।

आशा है, पत्रिका महाविद्यालय की प्रतिभाओं की सर्जनात्मकता को तो विकसित करेगी ही, साथ ही, देश और समाज की मौजूदा समस्याओं और चुनौतियों से जुड़े विषयों के संदर्भ में भी सार्थक विमर्श प्रस्तुत करेगी।

मैं पत्रिका के प्रकाशन की सफलता की मंगलकामना करता हूँ।

(केशरी नाथ त्रिपाठी)

बिहार सरकार

मुख्यमंत्री
मंत्री

बिहार सरकार

पटना

शुभकामना संदेश

यह प्रसन्नता की बात है कि अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना द्वारा महाविद्यालय पत्रिका 'अनुग्रह ज्योति' का प्रकाशन किया जा रहा है, जिसका लोकार्पण अनुग्रह बाबू की जयंती के अवसर पर दिनांक १८ जून, २०१५ को होगा।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना का योगदान सराहनीय है। आशा है, प्रकाश्य पत्रिका विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए उपयोगी होगी तथा भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में मार्गदर्शन करेगी।

कॉलेज पत्रिका 'अनुग्रह ज्योति' के सफल प्रकाशन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

(नीतीश कुमार)

Nikhil Kumar
Former Governor Nagaland, Kerala

8, Western Avenue, Maharani Bagh
New Delhi - 110065
Tel. : 26327199, 26329515
E-mail : nikhilkumar1943@yahoo.com

SOPAN, Boring Road
Patna - 800 001
Tel. : 2531171, 2532177

शुभकामना संदेश

अनुग्रह बाबु बिहार के विभूति थे जिनका हमारे स्वतंत्रता संग्राम में और फिर स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र निर्माण में, विशेषकर बिहार के निर्माण में, प्रमुख व महत्वपूर्ण भूमिका थी।

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना द्वारा महाविद्यालय पत्रिका 'अनुग्रह ज्योति' का प्रकाशन किया जा रहा है जिसका लोकार्पण अनुग्रह बाबू की जयन्ती के अवसर पर होगा। इस पत्रिका में अनुग्रह बाबु के कार्यकलाप की चर्चा होती रहेगी जिससे आज की पीढ़ी को प्रेरणा मिलती रहे।

मैं ए.एन.कॉलेज के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को बधाई और पत्रिका की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएँ देता हूँ।

(निखिल कुमार) 11/2/15

बिहार सरकार

प्रशान्त कुमार शाही
मंत्री
शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना

बिहार सरकार

कार्यालय : 0612–2204904
आवास : 0612–2215513

शुभकामना संदेश

यह हर्ष का विषय है कि अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना द्वारा महाविद्यालय पत्रिका 'अनुग्रह ज्योति' का प्रकाशन किया जा रहा है जिसका लोकार्पण बिहार विभूति अनुग्रह बाबू की जयन्ती के अवसर पर होगा। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना का योगदान अत्यंत ही महत्वपूर्ण रहा है।

मैं समारोह की सफलता तथा महाविद्यालय पत्रिका 'अनुग्रह ज्योति' के ससमय प्रकाशन के लिए मंगलकामना करता हूँ।

(पी.के.शाही)

NALANDA OPEN UNIVERSITY

3RD FLOOR, BISCOMAUN BHAWAN, PATNA-800001, BIHAR, INDIA
Ph. : 0612-2201019; Fax : 0612-2201001

Prof. Rash Bihari Prasad Singh
Vice-Chancellor
E-mail : singh.rbp@gmail.com | Ph. : +91 9572356845 | 9431021277

शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता है कि ए.एन.कॉलेज, पटना, बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिन्हा का १२८वाँ जन्म दिवस प्रभावशाली ढंग से मनाने जा रहा है। इस अवसर पर 'अनुग्रह ज्योति' पत्रिका का प्रकाशन अति प्रशंसनीय प्रयास है। डॉ. अनुग्रह नारायण सिन्हा राज्य के प्रथम उपमुख्यमंत्री तथा वित्त मंत्री थे। उन्होंने राज्य के विकास हेतु अनेक आदर्श मापदण्डों की स्थापना की थी। उस महान आदर्श महापुरूष के नाम पर मापदण्डों की स्थापना हेतु सतत् प्रयत्नशील है। अनुग्रह जयंती के शुभ अवसर पर मैं सभी कार्यक्रमों तथा अनुग्रह ज्योति पत्रिका की सफलता की कामना करता हूँ।

(रास बिहार प्रसाद सिंह)
कुलपति
नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
पटना।

Dr. Shamshad Hussain
Prof. Emeritus, Patna University
Chairman, Bihar State Madarsa Education Board

Residence
Singhi House, Professor Colony,
Tripolia, Patna - 800 007
Ph. : 0612-2372044 | Mob. : 9430058190

Formerly ::
Chairman, Bihar State University Service Commission
Vice-Chancellor, Nalanda Open University & Magadh Unviersity
Head, Department of Psychology, Patna University

शुभकामना संदेश

It is a matter of great pleasure to learn that the prestigious A.N. College, Patna is going to celebrate Anugrah Jayanti on 18th of June, 2015. This will be a great occasion Dr. Anugrah Narayan Sinha , Bihar Bibhuti, has really proud himself as one of the illustrious sons of Bihar because of his unforgettable contributions as an exemplary leader, first deputy Chief Minister and Finance Minister of Bihar. His contribution as an illustrious leader and a remarkable minister will last long A.N. College, Patna, will ever remember this exemplary leader for establishing an educational institution of high quality. He proud himself as a persons of efficient administrations who was accessible by all. It is a matter of pleasure that the effectual educational institutions: A.N. College, Patna, is celebrating Anugrah Jayanti in the memory of such great man.

I hope by celebrating this unforgettable occasion, the Principal, Dr. Lalan Singh, teachers, non-teaching Staff and the students will make people reminded that A.N. College, Patna will never forget such great man having diversified qualities and endeavours.

I hope this special occasion will leave an imprint on the minds of teachers and students. I am hopeful that this occasion will reflect the performing skills of the Principal, teachers, non-teaching staff and the students towards promoting standards of teaching, learning and brotherhood.

I wish every success of the celebration under the dynamic leadership of Dr. Lalan Singh, Principal.

Shamshad Hussain
8.06.15

Dr. Shamshad Hussain

Shyama Singh

'SOPAN'
Boring Road,
Patna - 800 001

Message

I did not have the privilege of knowing him as a revered family elder but Anugrah Babu, Baba to me, left behind an aura of patriotism, selfless social service, dedication to social justice and personal integrity that has affected all of us. I am one of those. I keep hearing and reading accounts of his complete identification with the common man, his being and integral part of Bapu's first foray into mass movement which was to champion the cause of Champaran's indigo farmers that put us on to the path that brought us our freedom and his contribution to nation building and particularly to our state of Bihar. I feel blessed to be part of this heritage and, like millions, feel inspired to do my bit in the cause of our nation's development and progress. It was his ideal that was always before me during my term as a member of the Lok Sabha and later and am confident it will be so for our people especially our younger generations.

I pay may respectful homage to him on his 128th birth anniversary.

Shyama Singh

अनुग्रह जयन्ती संस्मरणात्मक परिप्रेक्ष्य

प्रधानाचार्य की कलम से

लोकतंत्र के मर्यादा पुरुष बिहार विभूति डा0 अनुग्रह नारायण सिंह पर हमें गर्वोन्नत होने के अनेक कारण हैं। सर्वप्रथम, वे दलित, वंचित, मजलूम और पिछड़े के हक में सदा खड़े रहे, वकालत की, संघर्ष भी किया और नेतृत्व प्रदान किया। महात्मा गॉधी के आदर्शों को समग्रता में जीने और पूर्णता में प्रदर्शित करनेवाले अपने समकालीन राजनीतिज्ञों में वे सदा अग्रणी रहे। बिहार महात्मा गॉधी को इसलिए प्रिय था कि बिहार में चम्पारण था और चम्पारण के संदेश को शेष बिहार के चप्पे–चप्पे में पिरो देनेवाले डा0 अनुग्रह नारायण सिंह थे। वे महात्मा गॉधी के आत्मीय अनुयायी, डा0 राजेन्द्र प्रसाद के हमदर्द मित्र और श्रीकृष्ण सिंह के विश्वस्त सहकर्मी थे। उपमुख्यमंत्री रहते हुए राज्य में वित्तीय अनुशासन तथा तत्कालीन कराधान की अराजक तथा अव्यवस्थित प्रावधानों को जन–जन के अनुकूल बनाने का कठिन कार्य कर डा0 अनुग्रह नारायण सिंह ने तत्कालीन केन्द्रीय वित्तमंत्री को पीछे छोड़ दिया था। उन्हीं के प्रयत्नों का परिणाम था कि भारतवर्ष में उन दिनों अग्रणी राज्यों में बिहार का नाम शुमार था। अगर बाबू साहब एक दशक और नेतृत्व प्रदान किये होते तो बिहार का उद्योग और कृषि एशिया महादेश के लिए मानक बन गया होता।

मुझे फक्र है कि मैं बिहार विभूति के जीवन्त स्मारक, जिसकी बुनियाद उन्हीं के नाम से रची गयी थी, का एक कर्मशील कर्मचारी हूँ। विगत एक वर्ष से मुझे इस वृहत संस्था को नेतृत्व प्रदान करने का गुरुतर दायित्व दिया गया है जिसे फलीभूत करने में मैं अहर्निश संघर्ष कर रहा हूँ। सीमित साधनों और अनेक प्रकार की प्रतिकूलताओं के बाबजूद शिक्षा के स्तर को कभी शिथिल नहीं होने दिया। अपनी निरंतरता के साथ–साथ अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के संवर्द्धन में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान दिनानुदिन रेखांकित करता जा रहा है। जबकि शिक्षा के शैथिल्य का यह दौर सबके लिए ध्यानाकर्षण का विषय बना हुआ है। ऐसे में हमारी संस्था अंधेरे में सौ चिराग की तरह प्रकाशित और आलोकित है। हमारे शिक्षक प्रवीण और कुशल हैं, कर्मचारी दक्ष हैं, छात्र अनुशासित और पूर्णतः विद्यानुरागी हैं। इनका बल हमार बल है। इनका वर्तमान हमारा वर्तमान है। इनका भविष्य हमारा भविष्य है।

बिहार विभूति का पावन जन्म–दिन हमारे लिए किसी पवित्र त्योहार की तरह ही उत्साहवर्द्धक है। इस पुनीत अवसर पर प्रतिवर्ष हमारे महाविद्यालय की पत्रिका 'अनुग्रह ज्योति' का प्रकाशन होता है। इस पत्रिका में हमारी शिक्षा का वर्तमान स्वरूप मुखरित हो रहा है। इसके विषय वैविध्य में हमारी विविधता प्रतिविम्बित हो रही है। मुझे विश्वास है कि रचनाधर्मिता की वर्तमान दिशा, जो तकनीकी माध्यमों से होकर गुजरती है, का लघु संस्पर्श इसमें दृष्टिगोचर होगा। सभी आलेख या स्तम्भ, लेखकों की मौलिकता के नमूने हैं। इनके प्रत्येक हर्फ में बिहार–विभूति की प्रेरणा, संदेश या उनके प्रति हमारी श्रद्धांजलि की अन्तःस्फूर्त स्वर समाहित हैं। इस अवसर पर इस 'ज्योति' के और प्रखर होने की मैं कामना करता हूँ।

✍ डॉ. ललन सिंह
प्रधानाचार्य

सम्पादकीय

अनुग्रह ज्योति' 2015 प्रस्तुत करते हुए हमें अपार हर्ष एवं संतोष का अनुभव हो रहा है। हम प्रति वर्ष 18 जून को महान स्वतंत्रता सेनानी, स्वतंत्र बिहार के प्रथम उप मुख्यमंत्री, बिहार विभूति अनुग्रह बाबू का जन्म दिन मनाते हैं। अनुग्रह बाबू एक मानवतावादी प्रगतिशील विचारक एवं महान शिक्षाविद् थे। उनकी जयन्ती का आयोजन हमारे लिए किसी उत्सवधर्मी परंपरा का निर्वाह मात्र नहीं है, न ही किसी समारोह की रस्मअदायगी की वाध्यता। यह उस महान परंपरा के युग–पुरुष के स्मृति तर्पण का पर्व है जिसके व्यक्तित्व में राष्ट्र धर्म, राजनीति, समाज सेवा एवं शिक्षा, सभी एक साथ समान रूप से समादृत है। अतः बाबू साहब का जन्म दिन हमारे लिए प्रेरणा और संकल्प का दिन है। इस अवसर पर हम हर वर्ष महाविद्यालय पत्रिका **'अनुग्रह ज्योति'** का प्रकाशन करते हैं।

महाविद्यालय पत्रिका कॉलेज की शैक्षिक, सांस्कृतिक विविधताओं, गतिविधियों और उपलब्धियों का प्रतिबिंब होता है। कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. ललन सिंह के कुशल नेतृत्व और प्रेरणा से कॉलेज के शैक्षिक, सांस्कृतिक वातावरण में नव उत्कर्ष आया है। कॉलेज को पुनः राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद्(नैक) द्वारा श्रेणी 'ए' के रूप में पुनर्मूल्यांकित किया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू. जी.सी) द्वारा विशिष्ट महाविद्यालय के रूप में रेखांकित किया गया है। यह हमारे लिए गर्व का विषय है।

हम छात्रों को मात्र पाठ्यक्रम की शिक्षा ही नहीं देते अपितु हमारा उद्देश्य उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास है। इस हेतु हम समय–समय पर विभिन्न शैक्षिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक गतिविधियों, खेल–कूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन करते रहते हैं। इस वर्ष भी कॉलेज के विभिन्न विभागों द्वारा निरंतर सेमिनार, कार्यशाला, निबंध प्रतियोगिता, भाषण कला प्रतियोगिता, वाद–विवाद, कविता पाठ आदि आयोजित होते रहे।

हम जानते हैं शिक्षा जीवन के लक्ष्य की पूर्त्ति के लिए एक आवश्यक औजार है। महान दार्शनिक एवं शिक्षाविद् डा. राधाकृष्णन मानते थे कि– शिक्षा वह है, जो मनुष्य को ज्ञान प्रदान करने के साथ–साथ उसके हृदय एवं आत्मा का विकास करती है। शिक्षा व्यक्ति को स्वयं के विकास के साथ–साथ समाज और राष्ट्र के विकास के लिए भी प्रेरित करती है।

शिक्षा के महत्व को परिलक्षित करते हुए स्वामी विवेकानंद ने कहा कि जिस शिक्षा से हम अपना जीवन निर्माण कर सकें, मनुष्य बन सकें, चरित्र गठन कर सकें और विचारों का सामंजस्य कर सकें, यर्थाथ में वही वास्तविक शिक्षा होगी।

अनुग्रह बाबू की प्रेरणा और देश के ऋषितुल्य महान व्यक्तित्वों से प्रेरणा ग्रहण कर शिक्षा के क्षेत्र में हम आगे बढ़ रहे हैं। हम अपने छात्रों का निर्माण इस तरह से करना चाहते हैं जिससे हम राष्ट्र की अखण्डता और अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं को भी अक्षुण्ण रख सकें। हमारा ध्येय नैतिक तथा बौद्धिक, दोनों ही प्रकार की शिक्षा प्रदान करना है जिससे युवाओं में आदर्शवाद की खुशबू तो हो ही, साथ ही आधुनिकता और पाश्चात्य कुशलता का सामंजस्य भी हो।

'अनुग्रह ज्योति' में हमने एक ओर जहाँ कॉलेज के कई विद्वान प्राध्यापकों का सुचिंतित आलेख, कविता, कहानी संकलित किया है– जो अध्ययन के क्षेत्र में एक सार्थक उपलब्धि है– वहीं सृजनधर्मी छात्र–छात्राओं की रचना को भी समाहित किया है। इन रचनाओं में युवा मन की अभिव्यक्ति तो है ही, उनकी सर्जनात्मक क्षमता का भी विकास हमें देखने को मिलता है। अभिव्यक्ति कौशल के बिना व्यक्तित्व का विकास संभव ही नहीं है। इस पत्रिका के माध्यम से छात्रों में वैचारिक प्रस्फुटन तो होता ही

है देश काल समाज के संबंध में उनके दृष्टिकोण से भी हम परिचित हो पाते हैं। इस प्रकार कॉलेज पत्रिका वैचारिक स्तर पर शिक्षक एवं छात्रों को करीब लाने में एक सेतु का काम करती है।

जैसा कि ऊपर कहा गया है कॉलेज पत्रिका महाविद्यालय के समस्त गतिविधियों का दर्पण है। हमने **'अनुग्रह ज्योति'** में वर्ष भर के गतिविधियों का लेखा–जोखा भी प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की गतिविधियों, क्रीड़ा परिषद् की ओर से किए गए खेल–कूद प्रतियोगिता, विभागों द्वारा आयोजित सेमिनार, अन्य विभागीय गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण भी प्रकाशित करते हैं जिससे कॉलेज का सर्वांगीण पक्ष पाठकों के सामने प्रस्तुत हो सके।

हमें यह कहते हुए गरिमा का बोध होता है कि यह कॉलेज आज राजधानी के शीर्ष, गौरवपूर्ण शिक्षण संस्थानों में शुमार है। हमारी उपलब्धियाँ और गतिविधियाँ अखबार की सुर्खियाँ बनती रही हैं। हम पाठकों के समक्ष समाचार पत्रों के कुछ अंश कलात्मक ढंग से प्रस्तुत कर रहे हैं जिससे हमारे छात्रों में नव उर्जा का संचार हो।

प्रकाश्य लेखों के आधार पर इस बार हमने इस पत्रिका के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक सीरियल नंबर (ISSN) प्राप्त करने का मन बनाया। हम आभारी हैं नेशनल साइंस लाइब्रेरी के डॉ. वी.वी. लक्ष्मी जी का कि उनके सहयोग से कम समय में ही पत्रिका को (ISSN) नंबर प्राप्त हो गया।

प्रधानाचार्य और महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों ने मुझे पत्रिका के संपादन का गुरुतर भार वहन करने योग्य समझा इसके लिए मैं उन सबका आभारी हूँ। अल्प समय में पत्रिका के लिए महत्वपूर्ण आलेखों का संग्रह करना, शब्द संयोजन और स्तरीय प्रकाशन कर पाना अन्यंत दुरूह कार्य था। अकेले मुझसे यह सब कर पाना संभव नहीं था। संपादक मंडल के सदस्यों का भरपूर सहयोग और सुझाव इस महती जिम्मेवारी को पूरा करने में मुझे मिला है। मैं उनके प्रति हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।

जिन विद्वानों ने अपनी रचना पत्रिका में दी है उनके प्रति अपना आभार प्रकट करता हूँ। विशेष रूप से मैं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, डॉ. जगन्नाथ मिश्र और भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व पदाधिकारी डॉ. रामउपदेश सिंह 'विदेह' का आभारी हूँ, जिन्होंने बिहार विभूति के उपर अपने महत्वपूर्ण आलेख देकर पत्रिका को गौरव प्रदान किया है।

हमने यथा संभव पत्रिका को त्रुटि रहित बनाने का प्रयास किया है। फिर भी यदि कुछ मुद्रण दोष रह गया होगा तो मैं उन त्रुटियों के लिए विनम्रता पूर्वक पाठकों से क्षमा याचना करता हूँ।

आप के सुझाव भविष्य में पत्रिका को और अधिक समृद्धता प्रदान करेंगे इस आशा के साथ पत्रिका के स्वरूप और सामग्री आदि के संबंध में आपके सुझावों का हम स्वागत करते हैं।

बिहार विभूति अनुग्रह बाबू का यह कथन 'Stand by your merit' (अपनी योग्यता के अनुरूप खड़े हो) हमारे लिए आर्श वाक्य की तरह है। हमारे छात्र अपने ज्ञान, गुण और योग्यता के बल पर जीवन पथ पर अग्रसर रहें, सफलताओं को प्राप्त करें। उनमें विनयशीलता हो, संवेदनशील हों यही हमारी कामना है। क्योंकि विद्या हमें विनयशील बनता है – 'विद्या ददाति विनयम'।

विगत दिनों शिक्षा में कदाचार की चर्चाएं मुखर रहीं। हम अपने छात्रों को सदाचार की शिक्षा देते हैं। हम आशावादी हैं और मानते हैं कुरीतियों और कदचार के बीच भी हमारे छात्र सतपथ पर ही चलेंगे।

मैं अपनी बात दिनकर की निम्न आशावादी पंक्तियों के साथ समाप्त करना चाहूँगा–

''आयगा वह दिन बहुत ही शीघ्र आएगा,
जब मही बिल्कुल बदलकर
स्वच्छ, शीतल, सौम्य, शोभायुत, नयी हो जाएगी,
जिस तरह कोई नहा कर स्वच्छ हो जाये।
व्योम यह उजली किसी कोमल विभा से पूर्ण होगा।
और यह नैराश्य का तम भाग जाएगा।
आदमी को पंख निकलेंगे।
जहाँ तक स्वप्न उड़ता है
वहाँ तक आदमी निर्विघ्न होकर उड़ सकेगा।''

इति शुभम...

कलानाथ मिश्र

अनुक्रम

- गांधी–युग के सच्चे जनसेवक – डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह : **डॉ. जगन्नाथ मिश्र** 15
- बाबू साहब, जिनकी स्मृतियाँ अशेष हैं : **रामउपदेश सिंह** **17**
- Review and Options - Global Trends : **Dr. Kamesh Kumar** 21
- Use of Constructed Waterland Based system for waste water treatment : **Dr. Bihari Singh** 24
- Global Warming climate change : **Dr. Ashok Ghosh** 26
- Smiling inside our contribution to life : **Dr. Kamal Kishor Singh** 28
- Shrilal Shukla and His Raag Darbari : **Dr. Shailendra Mishra** 30
- The God Particle : The Quest for the ultimate truth : **Dr. Arun Kumar** 32
- Time to combat empty nest syndrom : **Dr. (Mrs.) Vijaya Lakshmi** 36
- कबीर का परमतत्व : **डॉ. ब्रदीनारायण सिंह** 38
- बिहार में नक्सली आंदोलन : **डॉ. रामावतार सिंह** 39
- Federal National Interface of India : **Dr. Bimal Prasad Singh** 41
- Enrolled in School but not educated : **Dr. Ajay kumar & Dr. Kavita Kumari** 44
- Amazing Facts : **Dr. Manorma Kumari** 47
- Antioxidants and our health : **Dr. Preety Sinha** 48
- Ethics and the state - An apraisal : **Dr. Abha Singh** 49
- राजभाषा नीति और हिन्दी की समासिक स्थिति : **डॉ. सोना सिंह** 54
- आग की लपटों को चिमटों से नहीं पकड़ा जा सकता : **डॉ. कृष्णा सिंह** 56
- A myth or a Reality Dalits and Rights of Education : **Dr. Priti Kashyap** 57
- कविता : कि भूल जावो/प्रजातंत्र की शान हूँ/निरुतर मैं : **डॉ. रमेश पाठक** 59
- काव्य में प्रकृति चित्रण : **डॉ. प्रतिभा सहाय** 60
- कविता : सुनो हे शेषनाग! : **डॉ. कलानाथ मिश्र** 63

- E-waste and its Management in India : **Dr. Sushil Kr. Singh** 65
- Bollywood, Bytes, Barbie and "Bharat" : **Dr. Anuradha Sen** 69
- The Secret of splendid Success : **Dr. (Prof.) Baban Kr. Singh** 74
- Water living water and wastewater : **Dr. Subhash Pd. Singh** 75
- A Born Bihari - George Orwell : **Dr. Hansa Gautam** 78
- An Approach to vedic mathematics : **Dr. S.K. Mishra** 79
- Higher education in global era and the emerging issues : **Dr. Kumari Veena** 80
- Effect of musical tones on planet life : **Dr. Shabana Karim** 81
- 'रामचरितमानस' की वर्तमान संदर्भगर्भिता : **डॉ. संजय कुमार सिंह** 83
- महिला सशक्तीकरण : **डॉ. वीणा कुमारी** 87
- An overview - Antioxidants & Free Radicals : **Navi Ranjana** 89
- समाजसेवी कर्पूरी ठाकुर : **सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यकलाप** **राजेन्द्र कुमार** 92
- क्रीड़ा परिषद् – एक प्रस्तुति : **डॉ. अजय कुमार** 96
- A Report on NSS Activities : 2014-2015 **Dr. Purnima Shekhar | Dr. Subhash Pd. Singh** 98
- World Diabetes Day - Awareness Campaign : **Dr. Rekha Kumari** 102
- अनुग्रह साहित्य परिषद् (हिन्दी विभाग) : **वार्षिक प्रतिवेदन** **अध्यक्ष एंव प्राध्यापक हिन्दी विभाग** 103
- **तस्वीरों के आइने में** 106
- **खबरों की सूर्खियाँ** 110
- **कविता** : एहसास और सपने : **चुन्नन कुमारी** जीवन चक्र : **प्रीति प्रिया** 112
- शिक्षा : आधुनिक संदर्भ और ए.एन.कॉलेज :: **शिवनन्दन प्रसाद** 113
- **कविता** : एहसास : **अमरनाथ** सजग ही मानव : **विकास कुमार** 114
- **कविता** : श्रद्धांजलि : **डॉ. कृष्णा सिंह** *Shouting Silences :* ***Preety Priya*** 115
- **कविता** : इन्सानियत का वजूद : **खुशबू कुमारी** कवि : **अमित मिश्रा** 116

'अनुग्रह ज्योति' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखकों के हैं जिनसे संपादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं पत्रिका से जुड़े किसी भी व्यक्ति का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का निपटारा पटना क्षेत्र के अन्तर्गत सीमित है। पत्रिका के संपादन से जुड़े सभी पद अवैतनिक हैं।

गांधी-युग के सच्चे जन-सेवक

डा. अनुग्रह नारायण सिंह

गांधी-युग में जितने सच्चे जन-सेवक भारत में हुए, उनमें बिहार के स्वर्गीय डा. अनुग्रह नारायण सिंह प्रथम कोटि में गिने जाते थे। इन्हें जन समाज में "बिहार विभूति" की जो उपाधिक मिली वह अक्षरशः सार्थक था। उनका व्यक्तित्व, उनकी सहृदयता, उनकी सादगी और उनकी लोकप्रियता, सचमुच बिहार की विभूति थी।

✍ डा.जगन्नाथ मिश्र
पूर्व मुख्यमंत्री, बिहार

बिहार विभूति के रूप में प्रसिद्ध तथा अपने प्रियजनों में 'बाबू साहेब' के नाम से विख्यात डॉ॰ अनुग्रह नारायण सिंह का जन्म 18 जून, 1887 को हुआ था। छात्र जीवन के दिनों से ही वे बहुत प्रतिभाशाली थे। 1914 में उन्होंने इतिहास विषय को लेकर एम॰ए॰ किया था और 1915 में भागलपुर के टी॰एन॰जे॰ कॉलेज में वे कुछ दिनों तक इतिहास के व्याख्याता भी रहे थे। 1916 में विधि की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर उन्होंने 1916 के नवम्बर माह से कुछ दिनों तक वकालत भी की थी। उन्होंने देश को आजाद कराने में पूरी शक्ति से अग्रणी भूमिका निभायी। वे स्वाधीनता आंदोलन के महान योद्धा थे। वे स्पष्ट वक्ता के रूप में सादा जीवन और उच्च विचार के लिए जनता में काफी लोकप्रिय थे। स्वाधीनता के बाद राष्ट्र निर्माण तथा जन कल्याण के कार्यों में निः स्वार्थभाव से सक्रिय योगदान करके बिहार के साथ-साथ देश में अपनी विशिष्ट पहचान बनायी। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ॰ श्रीकृष्ण सिंह की सरकार में अनेक मंत्रालयों के मंत्री के रूप में इन्होंने कुशल प्रशासक के रूप में ख्याति अर्जित की। वे शीर्ष राजनीतिज्ञ होने के बावजूद जन-साधारण के प्रिय नेता थे और जनता से सीधे जुड़े हुए थे। दीन-दुखियों, गरीबों और बेसहारा लोगों की मदद करना वे अपना धर्म समझते थे। अनुग्रह बाबू सही मायने में गरीबों के मसीहा थे। विधवाओं, अनाथों और निराश्रित लोगों की मदद करने में ही उन्हें सच्चा सुख मिलता था। शिक्षित और अशिक्षित बेरोजगार को रोजगार से लगाने को वे सर्वोच्च प्राथमिकता देते थे। चाहे वह गरीब विद्यार्थियों की शिक्षा का मामला हो अथवा रोगियों के इलाज की समस्या, सभी की मदद करने में वे सदैव आगे रहते थे। वे व्यस्तता के बावजूद जनता से जुड़े रहे और उनकी पहुँच से कभी दूर नहीं रहे। वे रात हो अथवा दिन हर समय जन-सेवा के लिए कटिबद्ध रहते थे तथा जनता को हर संभव सुविधा पहुँचाने का पूरा प्रयास करते थे। वे एक आदर्श व्यक्तित्व के धनी महापुरूष थे, जो अपनी राजनीतिक दूरदर्शिता, धर्म-निरपेक्षता, प्रशासनिक दक्षता, राष्ट्र-भक्ति और निःस्वार्थ जन-सेवा के लिए जन-जन में बेहद मकबूल थे। आज जरूरत इस बात की है कि युवा पीढ़ी उनके आदर्श जीवन-दर्शन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र-निर्माण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाये।

उनकी महानता केवल बिहार-व्यापक नहीं थी, वह देश-व्यापक थी। बिहार सरकार के मंत्री पद ने नहीं, बल्कि राजनीति के द्वन्दपूर्ण जीवन ने उन्हें मानवता प्रदान की थी। यही कारण है कि मंत्री पद तो बहुतों को मिला है, पर वह महानता कहां मिली जो बाबू साहब को प्राप्त थी। मंत्री पद तो उनके लिये जनता

की सेवा का एक मात्र साधन माना था। हम राजा राधिका रमण प्रसाद सिंह के शब्द में कह सकते हैं– ''उन्हें पद तो मिला था पर उनमें मद नहीं आया था।'' बाबू साहब में काम करने की एक अजीब धून थी। वे विकट स्थितियों से घबड़ाते नहीं थे। परिस्थितियां जटिल चाहे जितनी हों, पर वे उन्हें परेशान नहीं कर सकती थीं। वे जटिल–से–जटिल समस्याओं का दृढ़ता के साथ समाधान करते थे।

बिहार में कोई ऐसी योजना नहीं चली थी, जिसे उन्होंने नहीं बनायी हो, बिहार में कोई नया संगठन नहीं हुआ, जिसे उन्होंने नहीं किया हो। सन् 1920 से लेकर मरने के दिन तक प्रांतीय कांग्रेस के वे सहारा थे। राष्ट्रपति डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद ने एक बार यह स्वीकार किया था कि ''मेरे जानते बिहार में कोई भी ऐसा काम नहीं हुआ जिसमें बाबू साहब का हाथ न हो।'' मालूम पड़ता था कि वे शेषनाग की तरह कांग्रेस की शक्ति को अपने माथे पर लिये हुए थे। दिनकरजी के शब्दों में हम कह सकते हैं कि ''सभा, सम्मेलन, जलसा या किसी भी विशाल योजना में जब वे सम्मिलित होते थे, तो वे स्वभावतः उन्हीं कामों को अपने जिम्मे कर लेते थे, जो इंतजाम के काम थे और जिनके पूरे होने से महल की नींव मजबूत होती थी। दीवारों पर अनुग्रह बाबू के नाम नहीं चमकते थे। कंगूरों पर उनकी तस्वीरों नहीं दिखायी देती थीं, और इसलिये अखबारों में भी उनको लेकर शोर नहीं मचाया जाता था। लेकिन, महल बनाने वाले मजदूर जानते हैं कि नींव का गारा बराबर अनुग्रह बाबू के पसीनों से तैयार होता था।''

बिहार में कोई ऐसी योजना नहीं चली थी, जिसे उन्होंने नहीं बनायी हो, बिहार में कोई नया संगठन नहीं हुआ, जिसे उन्होंने नहीं किया हो। सन् 1920 से लेकर मरने के दिन तक प्रांतीय कांग्रेस के वे सहारा थे। राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने एक बार यह स्वीकार किया था कि ''मेरे जानते बिहार में कोई भी ऐसा काम नहीं हुआ जिसमें बाबू साहब का हाथ न हो।''

गांधी–युग में जितने सच्चे जन–सेवक भारत में हुए, उनमें बिहार के स्वर्गीय डा॰ अनुग्रह नारायण सिंह प्रथम कोटि में गिने जाते थे। इन्हें जन समाज में ''बिहार विभूति'' की जो उपाधिक मिली वह अक्षरशः सार्थक था। उनका व्यक्तित्व, उनकी सहृदयता, उनकी सादगी और उनकी लोकप्रियता, सचमुच बिहार की विभूति थी। जो कोई एकबार भी उनसे मिल पाता था, वह उनके मधुर व्यक्तित्व से आकृष्ट और प्रभावित हुए बिना नहीं रहता। सहृदय वे ऐसे थे कि अपने संपर्क में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को कृतज्ञ बना लेते थे। सादगी उनकी ऐसी थी कि वे बिहार सरकार के प्रभावशाली मंत्री नहीं जान पड़ते थे। बिहार की जनता के प्रबल पक्षधर के रूप में उनकी लोकप्रियता की महत्ता वहीं आंक सकता था, जो उन्हें बिहार की जटिल समस्या का हल करने में व्यस्त, तत्पर और चिन्तित देख सका था। ❑



''मेरा परिचय अनुग्रह बाबू से बिहारी छात्र सम्मेलन में ही पहले हुआ था। मैं उनकी संगठन शक्ति और हाथ में आए हुए काम में उत्साह देखकर मुग्ध हो गया और वह भावना समय बीतने से कम न होकर अधिक गहरी होती गई।'' देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद

बाबू साहब, जिनकी स्मृतियां अशेष हैं

पूर्ण समाज का विकास तभी संभव होगा जब समाज एकरूप हो, जब योग्यतम व्यक्ति को अवसर मिले भले ही वह किसी जाति का हो, जब प्रत्येक जाति स्वयं को अन्य जातियों की अनुपूरक माने न कि प्रतिद्वन्द्वी, और जब समाज जाति–जाति के खण्डों में बँटा न हो। इसीलिए अतीत के अनग्रह बाबू जैसे जन नेताओं को यादकर मन को सुख मिलता है।

✍ **राम उपदेश सिंह,** पूर्व भा.प्र.से.

बिहार विभूति डॉ॰ अनुग्रह नारायण सिन्हा का नाम बिहार केसरी डॉ॰ श्रीकृष्ण सिंह के साथ आधुनिक बिहार के निर्माता के रूप में आदर से लिया जाता रहा है। और ऐसा क्यों न हो जब इन दोनों शीर्षस्थ सपूतों के कार्यकाल के दौरान ही बिहार राज्य की शुरुवाती दौर में अनगिनत कल्पनाओं को मूर्त्तिमान किया गया?बरौनी में रिपफाइनरी, खाद कारखाना एवं थर्मल पावर प्लान्ट, पतरातू में थर्मल पावर प्लान्ट, बोकारो में स्टील प्लान्ट, राँची में हेवी इन्जिनियरिंग कॉरपोरेशन एवं धनबाद–कलकत्ता में दामोदर वैली कॉरपोरेशन जैसे विशाल परियोजनाओं की स्थापना उस समय के परिवेश की कहानी कहते हैं। जमशेदपुर में टिस्को, टेल्को, टाटा ट्यूब, टिन प्लेट के कारखानों को अगर छोड़ दें, तो प्रारम्भिक विकासोन्मुख परिवेश के बाद डिहरी में रोहतास इन्डस्ट्रीज, कटिहार में जूट की दो मिलें, उत्तर बिहार में चीनी के बहुत सारे कारखाने, इत्यादि कालान्तर में बन्द होते चले गये। इन दोनों नेताओं, जिनकी हम 125वीं वर्षगाँठ मना चुके हैं, उनके कार्यकाल के दौरान इंगलैंड से एप्पलबी टीम आयी थी जिसने विभिन्न राज्यों का दौरा किया था और अपनी रिपोर्ट में, देश के अन्य राज्यों की तुलना में, बिहार के प्रशासन को सर्वश्रेष्ठ बताया था।

बाबू साहब का जन्म औरंगाबाद के पोइयांवां गाँव में एक किसान परिवार में हुआ था और उनकी लोवर प्राइमरी की पढ़ाई वहीं हुई। उस समय के जमींदारों में बच्चों की पढ़ाई के प्रति उदासीनता के कारण, अनुग्रह बाबू की शिक्षा–दीक्षा का क्रम, सर गणेशदत्त की भाँति, विलंबित हुआ। बाबू साहब ने कलकत्ता यूनिवर्सिटी से सन् 1908 में एन्ट्रेन्स (प्रवेशिका) परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास किया। बाद में, उन्होंने बी.ए. की पढ़ाई पटना में की और उसके बाद सन् 1915 में कलकत्ता यूनिवर्सिटी से ही इतिहास में एम.ए. एवं बी.एल. किया। भागलपुर के टी.एन.जे. कॉलेज में इतिहास के शिक्षक के रूप में जीवन का प्रारम्भ किया और 1916 में पटना आकर वकालत शुरू की। अगले वर्ष 1917 में राज कुमार शुक्ल के आह्वान पर चम्पारण आकर महात्मा गाँधी द्वारा नीलहों के ख़िलाफ़ आरम्भ किये गये सत्याग्रह में गाँधीजी को बिहार के जिन सात महानुभावों ने सहयोग दिया था उनमें ब्रज किशोर प्रसाद, राजेन्द्र बाबू, अनुग्रह बाबू एवं शम्भू बाबू शामिल थे, जिन सब की प्रशंसा बापू ने स्वयं अपनी आत्मकथा में मुक्त कंठ से की है। चम्पारण सत्याग्रह का महत्व इसलिए सुस्थापित हुआ क्योंकि गाँधीजी द्वारा शुरू की गयी

आज़ादी की लड़ाई का यह प्रथम चरण था, जिसकी इन्तिहा 15 अगस्त 1947 को हो गयी, ठीक उसी तरह जैसे सिपाही मंगल पाण्डे को अंग्रेजों द्वारा फाँसी दिये जाने के बाद सुलगे 1857 के विद्रोह को वीर सावरकर द्वारा स्वतंत्रता के प्रथम युद्ध की संज्ञा दी गयी थी।

सन् 1920 की बात है। बाबू साहब आरा के अपने मित्र पारसनाथ त्रिपाठी के साथ गया जिले का परिभ्रमण करने के बाद 15 दिसंबर की रात को सड़क मार्ग से पटना लौट रहे थे कि अरवल के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना घटी जिसमें त्रिपाठी जी की तो मौत हो गयी और बाबू साहब गम्भीर रूप से घायल हो गये। नाजुक स्थिति में सड़क से उन्हें पटना लाने में जो उनकी जान को ख़तरा था, उसे देखते हुए उन्हें सोन–गंगा के रास्ते स्टीमर से पटना मेडिकल अस्पताल लाया गया और सघन उपचार के बावजूद बहुत दिनों के बाद ही वे चंगे हो सके। स्त्री–रोग विशेषज्ञ, डॉ॰ शान्ति एस. बी. सिंह के पिता डॉ॰ महेश्वरी बाबू ने बाबू साहब की ख़ास देखभाल की थी, जिसकी याद अभी तक उनके परिजनों के हृदय में विद्यमान है। इस प्रकार ईश्वर की कृपा एवं समुचित उपचार से भविष्य की संभावनाओं से परिपूर्ण एक व्यक्तित्व की जान बचायी जा सकी थी।

बाबू साहब ने बिहार को ही अपनी कर्मभूमि बनाया और वे बिहार के बाहर यदा कदा ही जा सके। सन् 1935 के कानून के अधीन सम्पन्न चुनावों के बाद बिहार में कांग्रेस पार्टी की सरकार श्री बाबू के नेतृत्व में बनी जिसमें बाबू साहब ने वित्त सहित कई विभागों के मंत्री का दायित्व सँभाला। इसके पूर्व उन्होंने सन् 1934 के जनवरी में

आये भीषण भूकम्प के बाद लोगों को राहत पहुँचाने के काम में भी मुस्तैदी के साथ अपना हाथ बँटाया। सन् 1934 में राजेन्द्र बाबू अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गये और इधर जब बिहार राज्य कांग्रेस कमिटी का गठन हुआ उसमें श्री बाबू अध्यक्ष और बाबू साहब महामंत्री बनाये गये थे। उसी दौरान बाबू साहब शाहाबाद–पटना चुनाव क्षेत्र से केन्द्रीय एसेम्बली के सदस्य चुने गये थे। बाद में वे संविधान सभा के सदस्य बने और कांग्रेस के कार्यकलापों से जुड़े रहे। पं॰ जवाहरलाल नेहरू ने एकाधिक बार बाबू साहब को अपने साथ कार्य करने का प्रस्ताव दिया लेकिन बाबू साहब ने नम्रतापूर्वक बिहार में ही जनसेवा करते रहना पसन्द किया। उन्होंने 'बोलिये कम और काम करिये ज़्यादा' की नीति के साथ–साथ संगठनात्मक कुशलता को अपने जीवन में उतारा। वे कांग्रेस पार्टी के सम्मेलनों में तन्मयता से भाग लेते रहे। गया में आयोजित कांग्रेस के अधिवेशन में भी बाबू साहब का विशेष योगदान रहा था। रामगढ़ में कांग्रेस का अधिवेशन सन् 1940 में हुआ था जिसमें राजेन्द्र बाबू की अस्वस्थता के कारण बाबू साहब ने ही उसके सफल संगठन में अपना अपना दायित्व निभाया था। सन् 1946 में दूसरी बार कांग्रेस का मंत्रिमंडल बना जिसमें फिर से श्री बाबू प्रधान मंत्री एवं बाबू साहब वित्त मंत्री बनाये गये। आज़ादी के बाद आई.एल. ओ. के सम्मेलन में बाबू साहब भारतीय प्रतिनिधिमंडल के नेता के रूप में विदेश यात्रा में जेनेवा भी गये और प्रतिष्ठा प्राप्त की थी। बिहार मंत्रिमंडल में श्रम मंत्री की हैसियत सें उन्होंने श्रमिकों की समस्यायों के निराकरण के लिए अनेक त्रिपक्षीय समितियों का गठन किया था साथ ही श्रम संबंधी कानून में अनुपलब्ध प्रावधानों की कमी दूर करने के लिए प्रक्रियायों का निर्धारण किया था जिनका सदुपयोग आज तक किया जा रहा है। सत्तर के दशक में बिहार के श्रम सचिव के रूप में मुझे ऐसी सारी व्यवस्थाओं से रूबरू होने और उनका लाभ उठाने का अवसर मिला था।

भारतीय संविधान के लागू होने के बाद 1952 में श्री बाबू के मुख्यमंत्रित्व में जो मंत्रिमंडल बना उसमें बाबू साहब वित्त विभाग के अलावा कुछ और विभागों के भी प्रभारी मंत्री रहे। दोनों नेताओं में प्रचुर वैयक्तिक घनिष्ठता थी और राज्य के प्रशासन में वे एक–दूसरे के सम्पूरक बने रहे। विधि के विधान के तहत इन दोनों नेताओं के बीच सन् 1957 में नेता पद के लिये चुनाव हुआ जिसमें श्री बाबू जीत गये। चुनाव–फल घोषित होने के बाद बाबू साहब श्री बाबू के निवास पर उनसे मिलने गये। दोनों मित्र सब कुछ भूल कर गले मिले और ऐसी अश्रु–धार बह चली कि अगर कोई शिकवा–शिकायत रही थी, वह पूर्णतः धुल गयी। उन दोनों नेताओं की महानता इतनी कि उनमें मनभेद कभी नहीं रहा। बिहार का हित चाहने के मायने में दोनों के बीच 'को बड़ छोट कहत अपराधू' की स्थिति थी। सन् 1957 में उसी मंत्रिपरिषद में जिसके लिये हुए नेता पद के चुनाव में उन्होंने भाग लिया था, बाबू साहब द्वारा वित्त मंत्री पद को स्वीकारना उनके सुपुत्र, छोटे साहब के साथ ही कुछ अन्य लोगों को पसन्द नहीं आया था। लेकिन बिहार के हित में बाबू साहब को जो करना था उन्होंने वही किया था।

उसी वर्ष 18 जून को बाबू साहब का 70वां जन्मदिन मनाने के बाद उनके निवास के कक्ष में एक नई दरी बिछायी गई जिसके ऊपर से कॉल–बेल का लम्बा तार गुज़रता था और इस प्रकार तार में पाँव पफँसने की आशंका थी। लोगों ने चाहा कि दरी में दो छेद करके तार को दरी के नीचे कर दिया जाय ताकि कोई ख़तरा न हो, लेकिन बाबू साहब ने इसका अनुमोदन इसलिए नहीं किया कि छेद करने से सरकारी दरी ख़राब हो जायेगी। जैसा कि बाद की घटनाओं से संपुष्ट हुआ, इस छोटी–सी घटना में ही आने वाले समय का वक्र रूप छिपा था। जून 1957 के अंत में, एक दिन जब बाबू साहब उस दरी को पार कर रहे थे कि उनका पाँव टेलिफोन के उसी तार में फँस गया, और वे गिर गये तथा गम्भीर रूप से घायल हो गये। उन्हें पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुँचाया गया और उनके इलाज की हर व्यवस्था की गयी लेकिन उनकी हालत उत्तरोत्तर बिगड़ती ही गयी। 5 जुलाई, 1957 को रात साढ़े ग्यारह बजे उन्होंने अन्तिम सांस ली ओर कबीर के निम्नलिखित दोहे को पूर्णतः चरितार्थ करते हुए इस दुनिया से अपनी चिर यात्रा पर कूच कर गये –

कबिरा जब तुम पैदा हुए, जग हँसा, तुम रोये,
ऐसी करनी कर चलो, तुम हँसो, जग रोये।

मैंने स्वयं देखा तो नहीं लेकिन कल्पना कर सकता हूँ और सुना भी हूँ कि सचमुच जब बाबू साहब की अर्थी अन्त्येष्टि क्रिया के लिए निकली तो हज़ारों शोकार्थियों की आँखें नम हो गयी थीं एवं बाबू साहब के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में उनके अमिश्रित अश्रुकण ही समर्पित हो रहे थे। कुछ तो फूट–फूटकर रोये थे। ऐसा सौभाग्य कितनों को मिलता है?जहाँ तक मुझे स्मरण होता है, कालान्तर में मैंने श्मशान घाट पर स्वयं कुछ इसी तरह के ग़मगीन माहौल में शोकार्थियों की आँखों में आंसू देखा, जब ललित बाबू, अम्बिका बाबू, चन्द्रशेखर बाबू, त्रिपुरारी बाबू, दारोगा बाबू, कर्पूरीजी, शंकरदयाल बाबू, डॉ॰ शिव नारायण सिंह एवं सत्येन्द्र बाबू को अन्तिम विदाई दी जा रही थी। ये सब ही ऐसे महनुभाव थे जिन्होंने अपने जीवन–काल में मुझपर स्नेह व विश्वास दर्शाते हुए मुझे एक पुष्प की तरह अपने हाथों पर रखा था। इसे मैं अपना दुर्भाग्य ही मानता हूँ कि वे सभी असमय दिवंगत हो गये।

स्मरणीय है कि 5 जुलाई 1957 की सन्ध्या में बाबू साहब मृत्यु–शैया पर पड़े थे। शायद उन्हें मृत्यु का पूर्वाभास हो गया था।

लोग अन्दर ही अन्दर रोने–धोने लगे थे। मैंने ब्लिट्ज के प्रसिद्ध पत्रकार और मेरे अग्रजसम, अरुण रॉयचौधुरी से यह सुना था कि किसी तांत्रिक ने कुछ प्रसाद यह कहते हुए दिया था कि अगर बाबू साहब उसे ग्रहण कर लें तो उनकी जान बच जायेगी। लेकिन परिस्थितियों का जाल या विधि का विधान ऐसा था कि अकारण या सकारण बाबू साहब उस प्रसाद को ग्रहण नहीं कर सके थे।

बाबू साहब बिहार के समादृत नेता, बीरू बाबू ;बीरचन्द पटेल को पुत्र की तरह स्नेह देते थे। नतीजतन, छोटे साहब का भी बीरू बाबू के साथ पारिवारिक संबंध था और वह बीरू बाबू को अपना बड़ा भाई मानकर सम्मान देते थे। उस काली रात, अपनी मृत्यु के कुछ पहले, बाबू साहब ने सत्येन्द्र बाबू को अपने पास बुलाकर कहा, 'छोटे, ज़रा बीरू को बुलाओ।' जब बीरू बाबू निकट आये तो बाबू साहब ने उनसे कहा, 'बीरू, अब मैं जा रहा हूँ, तुम पर सारी जिम्मेवारी छोड़कर। तुम सबका ख्याल रखना।' बाद में बाबू साहब ने छोटे साहब से भी कहा, 'छोटे, तुम किसी बात की चिन्ता मत करना, मैं तुम्हें अपनी सारी शक्ति दिये जा रहा हूँ। तुम्हें कभी कोई तकलीफ़ नहीं होगी।' इसी तरह से, बाबू साहब के विशेष स्नेह–पात्र रहे उनके पौत्र, निखिल कुमार रोते हुए जब अपने बाबा के पास गये थे तो उन्होंने कहा था, 'बउआ, तुम रोते क्यों हो?तुम अपने पैरों पर खड़ा होने की कोशिश करना। बड़ों का आदर करना। ज़रूरतमंद लोगों की मदद करने की नीति अपने जीवन में अपनाना।' निखिलजी ने अपने बाबा की बात की गाँठ बाँध ली और उनके व्यवहार में यह प्रवृत्ति देखकर बाबू साहब से मिली सीख की छाप दिख जाती है। बाबू साहब के देहांत के बाद, श्री बाबू संतप्त परिवार को सान्त्वना देने आये और कहा था, 'अनुग्रह बाबू की जगह अब मैं हूँ।'

इसे विधि की विडंबना ही कहा जा सकता है कि 1963 में जब बिनोदा बाबू का इस्तीफ़ा कामराज योजना के तहत स्वीकार कर लिया गया और बिहार में नये नेता के चुनाव का समय आया तो छोटे साहब बीरू बाबू के विरोध में खड़े कृष्ण बल्लभ बाबू के पक्ष में हो गये। इस बात को लेकर कुछ लोग छोटे साहब की आलोचना करने में नहीं हिचकते। लेकिन अगर इस मामले की जड़ में जायें तो इसकी तह में बीरू बाबू एवं छोटे साहब की अपने–अपने सिद्धान्त के लिए प्रतिबद्धिता ही देखने को मिलेगी। उनका सिद्धान्त मित्रता पर भारी पड़ा था। हुआ यह था कि कुछ समय से शिक्षा मंत्री सत्येन्द्र बाबू एवं मुख्यमंत्री बिनोदा बाबू के बीच कुछ बातों को लेकर आपसी मतभेद गहराता गया था, यहाँ तक कि वे मंत्री पद से इस्तीफा तक देने की बात सोचने लगे थे। छोटे साहब ने अपने मन की व्यथा तत्कालीन केन्द्रीय गृह मंत्री, लालाबहादुर शास्त्री को बता दी जब वे एक भारतीय प्रतिनिधि के उपनेता के रूप में काबुल की यात्रा पर जा रहे थे। जब छोटे साहब काबुल में ही थे तभी उन्हें कामराज–योजनांतर्गत बिनोदा बाबू का इस्तीफा स्वीकार किये जाने का समाचार मिला। छोटे साहब तुरत दिल्ली होते हुए पटना वापस आ गये। इधर बिनोदा बाबू ने नेता पद के लिए बीरू बाबू को अपना नॉमिनी घोषित कर दिया था और कृष्णबल्लभ बाबू नेता पद के लिए दूसरे प्रतियोगी बन गये थे। पटना पहुँच कर छोटे साहब बीरू बाबू

से मिले और कहा, 'भैया, अगर आप बिनोदा बाबू के नॉमिनी के बदले स्वतंत्र रूप से लड़े तो मैं आपका अपनी पूर्ण शक्ति के साथ समर्थन करूँगा और आपको जिताऊँगा।' बीरू बाबू ने कहा कि वे ऐसा नहीं कर सकेंगे क्योंकि वे बिनोदा बाबू का विश्वास व भरोसा नहीं तोड़ सकते। ऐसी स्थिति में छोटे साहब ने अपनी पूरी शक्ति कृष्णबल्लभ बाबू के पक्ष में लगा दी, जो दो–तिहाई मतों से जीत गये। लेकिन छोटे साहब चुनाव स्थल पर बीरू बाबू को देखकर इतनी ग्लानि से भर गये कि वे घर आकर अपने को कमरे बन्द कर लिया। यहाँ तक कि चुनाव जीतने के बाद उनसे मिलने आये कृष्णबल्लभ बाबू से भी वे नहीं मिले। दूसरे दिन बीरू बाबू के घर जाकर उनसे माफी माँगी और अपना संबंध पूर्ववत् करने का प्रयास किया पर विरोध की टीस उन्हें आजीवन सताती रही। बीरू बाबू एवं छोटे साहब में अपने–अपने सद्धान्त के प्रति असीम प्रतिबद्धता थी। अगर छोटे साहब भी सिद्धान्त में अपनी प्रतिबद्धता त्याग कर कृष्णबल्लभ बाबू के विश्वास और भरोसे को तोड़ सकते तो 1966 में ही बिहार के मुख्यमंत्री बन सकते थे। हुआ यह था कि कांग्रेस हाई कमान, जो नेता पद के के लिए कृष्णबल्लभ बाबू के पक्ष में नहीं रहा था, बाद में इन्दिराजी से छोटे साहब को यह फीलर मिला था वे कृष्णबल्लभ सहाय का साथ छोड़कर स्वयं मुख्यमंत्री का भार सँभालें। लेकिन जिस तरह बीरू बाबू सिद्धान्त को त्याग कर स्वार्थवश बिनोदा बाबू के विरोध में नहीं जाना चाहे थे, उसी तरह छोटे साहब ने भी इस बार कृष्णबल्लभ बाबू की पीठ में छूरा भोंकने से परहेज किया। इस तरह बीरू बाबू और सत्येन्द्र बाबू, ये दोनों कद्दावर नेता आज हमें अपनी–अपनी नैतिकता पर आधारित कद की ऊँचाई का कयास लगाने को बाध्य करते हैं।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से बी. एस. सी करने के बाद जुलाई 1958 में मेरा नाम इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के एम. एस. सी. गणित में लिखाया गया और एम. एस. सी. (प्रीवियस) के छात्र के रूप में मुझे वहाँ के मशहूर म्योर हॉस्टल (अमरनाथ झा छात्रावास) में कमरा मिल गया, जहाँ निखिल कुमार बी. ए. फाइनल के छात्र के रूप में पहले से ही रह रहे थे। वहीं उनसे मेरी पहली मुलाक़ात हुई और बाद के वर्षों में हमारी मित्रता परवान चढ़ती गयी। इसको लोकप्रिय निखिलजी के व्यक्तित्व का ही निरालापन कहिये कि हॉस्टल के दिनों में उन्होंने

स्वयं को अनुग्रह बाबू के पोता या सत्येन्द्र बाबू के पुत्र के रूप में कभी प्रोजेक्ट नहीं किया। जब जनवरी 1961 में मैं आई. ए. एस. के इन्टरव्यू के लिए दिल्ली गया तो अपने पितातुल्य अभिभावक ठाकुर जमुना प्रसाद सिंह के पंडारा रोड स्थित एबी–11 निवास के बदले, निखिलजी के कहने पर छोटे साहब, जो उस समय लोक सभा के सांसद थे, उनके 9 कैनिंग लेन स्थित आवास में ही ठहरा था।

बाबू साहब का दरबार हर स्तर के आगन्तुकों के लिए हमेशा खुला रहता था। व्यक्तित्व इतना सरल कि उनके आवास के कमरे आगन्तुकों से भरे रहते थे। वे अपनी फाइलें भी पूर्ण पारदर्शिता के साथ निबटाते थे। उनके कमरे में चपरासी से लेकर अफसर तक सभी एक साथ प्रतीक्षा करते पाये जाते थे। बाबू साहब को क्रोध से किसी पर ग़रजते हुए कभी नहीं पाया गया। जब वे किसी के व्यवहार से असन्तुष्ट होते तो स्वभावतः उसपर अपनी अनिच्छा व्यक्त करने के लिए कमरे से बाहर निकल जाया करते थे। उनकी निश्छल मुस्कुराहट में ग़ज़ब का माधुर्य तथा आकर्षण था। उनके प्रशंसकों में हर जाति व वर्ग के लोग रहते थे। सच ही कहा गया है कि जहाँ राजा प्रजा की तरह रहता है, वहाँ प्रजा को राजा की तरह रहने का अवसर प्राप्त हो जाता है। वस्तुतः 'राजा नहीं पफ़कीर है, देश की तक़दीर है' का नारा सर्वाधिक अनुग्रह बाबू पर ही चरितार्थ होता है। यदि बाबू साहब के क्रम में उनकी तीन पीढ़ियों पर दृष्टि घुमायी जाये, जिसमें सत्येन्द्र बाबू–किशोरी सिन्हाजी, तथा निखिल कुमार–श्यामा सिंह शामिल हैं, जो सभी पूर्व सांसद हैं, तो यह निस्संकोच कहा जा सकता है कि भारत के क्षितिज में जो स्थान नेहरू परिवार का है, बिहार के क्षितिज में वही स्थान अनुग्रह बाबू के परिवार का है।

. यहाँ बिहार में व्याप्त जातिवाद की व्यवस्था की पृष्ठभूमि में एक बात का उल्लेख करना समीचीन होगा। पूर्वकाल के सभी नेता समाज की प्रत्येक जाति, प्रत्येक वर्ग के हित को समेकित रूप से साधने के लिए प्रयासरत होते थे जब कि बाद के अधिकांश नेता, समाज को तो छोड़ ही दें, अपनी जाति विशेष का समेकित हित भी साधने में असफल पाये जाते रहे हैं। मेरी समझ से समाजवादी नेताओं में कर्पूरीजी के अलावा शायद ही कोई अन्य उच्च पदस्थ नेता आये हों जो जातिवाद से ऊपर उठकर समेकित समाज को एक मानकर चलने में सक्षम हुए हों। यदि जातिप्रथा अमृत है तो जातिवाद विष होता है। किसी जाति विशेष के चन्द लोगों को लाभ पहुँचाने मात्र से, पूरे समाज को तो छोड़ ही दें, उस जाति का समेकित हित भी सिद्ध नहीं होता बल्कि उसमें विषमता ही प्रबलतर होती जाती है। ठीक ही कहा गया है कि पहले बनती हैं तक़दीरें फिर बनते हैं शरीर, फिर भी उच्च पदस्थ लोग अपनी किस्मत को काबिलियत मान बैठते हैं। पूर्ण समाज का विकास तभी संभव होगा जब समाज एकरूप हो, जब योग्यतम व्यक्ति को अवसर मिले भले ही वह किसी जाति का हो, जब प्रत्येक जाति स्वयं को अन्य जातियों की अनुपूरक माने न कि प्रतिद्वन्द्वी, और जब समाज जाति–जाति के खण्डों में बँटा न हो। इसीलिए अतीत के अनग्रह बाबू जैसे जन नेताओं को यादकर मन को सुख मिलता है।

. वर्ष 2012 अनुग्रह बाबू की 125वीं जयन्ती का वर्ष था जिसे उत्त्साहपूर्वक मनाने के लिए बिहार सरकार में कोई सुगबुगाहट नहीं दिखी। बाबू साहब का शताब्दी वर्ष 1988 में मनाया गया था और उस समय उनकी जीवनी, 'मेरे संस्मरण' को पुनर्मुद्रित कराने के साथ ही उनपर अनेकानेक महवनुभावों के संस्मरण भी 'बिहार विभूति – व्यक्ति और कृति' के नाम से प्रकाशित कराये गये थे। यह हर्ष ही बात है कि शायद अभिलेखागार द्वारा 'मेरे संस्मरण' का तृतीय पुनर्मुद्रण कराया गया है। उपरोक्त दोनों पुस्तकों को दर्जनों महानुभावों को समुपलब्ध करने का अवसर मुझे मिला था क्योंकि उस समय सौभाग्यवश मंत्रिमंडल विभाग के आयुक्त–सह–सचिव के रूप में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय समिति का मैं ही सदस्य–सचिव था।

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की निम्नांकित पंक्तियां क्रमशः वीर कुँवरसिंह –बाल गंगाधर तिलक–श्री अरविन्दो–भगतसिंह–नेताजी सुभाषचन्द्र बोस–चन्द्रशेखर आज़ाद, नेहरूजी, गाँधीजी की स्मृतियों को ताज़ा करती ही हैं, साथ ही अन्तिम दो पंक्तियां बाबू साहब पर भी सटीक बैठती हैं –

कुछ आये शर–चाप उठाये, राग प्रलय का गाते,
मानवता पर पड़े हुए पर्वत की धूल उड़ाते,
कुछ आये आसीन अनल से भरे हुए झोंकों पर, गाँथे हुए
मुकुट–मुण्डों को बरछों की नोकों पर, कुछ आये तोलते कदम को
मणि–मुक्ता सोने से, कुछ आये बाँधते जगत का मन,
जादू टोने से, दान दक्ष अंजलि में सबके लिए, लिये कल्याण,
सहज धीर गति से आये बस एक तुन्हीं गुणवान।

अन्त में, बाबू साहब की पावन स्मृति के प्रति श्रद्धा–सुमन के रूप में अपनी समय–शिला शीर्षक की एक कविता की निम्नांकित कुछ पंक्तियों को उद्धरित करते हुए मैं अपनी लेखनी को विराम देता हूँ –

हुए कुछ ऐसे भी व्यक्तित्व, धरे जो जनसेवा की डोर, एक परमार्थ भाव में लीन, दूसरे रहे दूसरी छोर, प्रथम की आती है जब याद, शीश नमता, नम होते नेत्र, प्रफुल्लित है सन्तति, कर याद, धर्म श्रम त्याग कर्म के क्षेत्र। मिट्टी से ही निकले सब थे, जा मिट्टी में ही समा गये, जो कुछ पाया–खोया जग में, सब समय–शिला को थमा गये। ❑

Dr. Kamesh Kumar

REVIEW AND OPTIONS

GLOBAL TRENDS IN EDUCATION

Traditional educational institutions played a greater in this regard. The worst sufferers are the students receiving in regional languages in underdeveloped areas.The above issues need to be discussed and analysed in their various aspects to develop better understanding of the global trends and their desirability.

Education is now universally considered to be the next most important investment after healthcare in any society. There exists a direct relationship between sufficiency and suitability of educational institutions and economic development. Nations and states which have made adequate and focused investments in education for their citizen, today occupy a higher rank in the community of nations. However under the impact of globalisation, the educational system world over is undergoing continuous changes as a consequence of new international agreements, redefinition of the trade and intellectual property rights conditions, innovations in information and communication, application of new technologies and the structural changes in the labour market.

Now the question is whether we are prepared to reap the benefit of emerging opportunities arising out of far reaching changes in educational system? In the process of development it has been observed that educational systems whether formal or informal, undergo a swift shift in their course content as well as management structure. In the traditional societies education is largely concerned with transmission of received knowledge for maintenance of broad societal consensus and existing pattern of differentiations. In the modern societies which have achieved higher growth this pattern may not disappear completely but there is always a greater emphasis on using these institutions as agencies for dissemination of appropriate skill and knowledge to support the rapidly changing labour market .This becomes important in the context of socially, economically and geographically disadvantaged groups like Muslim minorities in traditional educational institutions like madarsas .Similarly the issue of gender equality in sharing opportunities also requires our attention.

With transplantation of the western educational system in the former colonies in the late 19th century the

vernacular or the indigenous form of education which laid greater emphasis on local need based knowledge, culture and religion started dying a slow death. This shift however proved to be an important element in transferring modern skill and knowledge along with organisational framework for creating environment and capacity for absorbing greater degree of scientific and technological innovations. In the modern world there has to be greater effort in redefining our educational needs and patterns.

On account of structural changes taking place in the world economy, dismantling of entry barriers and greater infusion information and communication technologies in educational institutions education has become invaluable to individuals as it provides better opportunities for understanding of business process, legal system, culture and languages which are so vital to their employment as well as social status.

"Internationalisation of education is now becoming a reality. This is seen as a threat to local culture, values and traditional & local knowledge"

Global trend in education is not uniform .It varies in coverage, content quality and access in different societies. Generally the developed nations follow a policy of inclusive education with a dominant role of the public authority up to high school level but private investment on non profit basis is dominant at the higher educational level. There is also a system of quality control through accreditation and monitoring. In most of the developing countries the States have taken upon themselves the responsibilities of providing low cost education at the school as well as at the higher level. This policy is influenced more by political rhetoric rather than reality. The result is that a very large number of children are outside the formal school system and the higher education institutions are in deep crisis. The huge unemployment among the educated persons in South Asia or elsewhere reflects the poor quality or suitability of education. These facts naturally raise a number of issues which contain the answers to desirability and sustainability of our educational system in the light of changing global trends. In this context the global trends of education can be examined in the following categories:

Expansion, Access and Inclusion :

अपने अनुज की पत्नी को धरोहर बनाकर रखेगा? शूर्पनखा यौन–पिपासा से युक्त होकर इधर–उधर भटकती रहेगी? शायद नहीं। निराश होने की कोई आवश्यकता नहीं। वर्त्तमान भारत में आशा की किरण दिख रही है। अभी भी राम के आदर्शों के अनुगामी है जो आसुरी प्रवृत्ति का दमन सुगमातापूर्वक कर सकते हैं। आवश्यकता है अपने भीतर ऊर्जा जगाने की। आज आवश्यकता है इसी संदर्भ को रूपायित करने की। इसलिए रामचरितमानस की वर्तमान संदर्भगिर्भता सापेक्ष है। इसी सापेक्षता के कारण वैश्वीकरण एक नए संदर्भ में रूपायित हो सकेगा। अभी जो वैश्वीकरण की बात है उसकी आधारशिला एकमात्र अर्थ–व्यवस्था और उसके आदान–प्रदान पर अवलंबित है। इस अवलंबन से कहीं आगे की बात 'मानस' में छिपी है और वह है– विश्वबंधुत्ववाद। हम सब एक हैं, राष्ट्र की सीमा रेखाओं की विवाद को मिटाने की जरूरत है, नेताओं और राजनीतिज्ञों को सबक सिखाने की आवश्यकता है। आवश्यकता है ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम जैसे वैज्ञानिकों की, बिस्मिल्ला खाँ जैसे शहनाई वादक की, गोस्वामी तुलसीदास जैसे लोकनायक की तभी हम अपने राष्ट्र के साथ–साथ विश्व के मंगल की कामना कर सकते हैं।

निराश होने की आवश्यकता ही नहीं है। अँधेरा स्वतः समाप्त होगा। राम का लोकरक्षण, कृष्ण का लोकरंजन, कबीर का लुकाठी उठाना और घर जलाना, गुरू नानक का एक ओंकार सतनाम, मीरा का नृत्य और विष का प्याला हँसते हुए पीना, सहजोबाई की सहजता, दयाबाई की ममता, चरणदास और धरमदास का समर्पण आज की मनुष्यता को प्रभावी बनाने के लिए काफी है। रवींद्रनाथ टैगोर ने लिखा है– 'उत्सव आमार जाति, आनंद आमार गोत्र'।[10] आज इसे पहचानने की जरूरत है।

महादेवी वर्मा ने अपने अभिभाषण के क्रम में कहा था– ''आज भारतवर्ष के सभी शिक्षकों को एक बार फिर से 'रामचरितमानस' पढ़ने की आवश्यकता है।'' विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों में इसके सम्यक् पठन–पाठक और मंचन की आवश्यकता है।

फादर कामिल बुल्के जब अपनी जन्मभूमि रैम्सफील्ड में संन्यास ग्रहण कर रहे थे तब उन्होंने चर्च के पादरी के समक्ष एक शर्त रखी थी– ''मैं तभी संन्यास ग्रहण करूँगा जब मुझे भारतवर्ष जाने और वहाँ रहने की अनुमति दी जाएगी।''[11] उन्हें अनुमति मिली और उन्होंने इलाहाबाद से 'रामकाव्य की परंपरा और विकास' जैसे विषय पर न केवल शोधप्रबंध प्रस्तुत किया बल्कि अपने जीवन में राम के आदर्श को यों उतारा कि राममय हो गए। अपने दार्जीलिंग और राँची प्रवास काल में उन्होंने राम को जी भर देखा और अंत में दिल्ली में गैंग्रीन को हनुमान बाहुक मानकर सदा के लिए राम–नाम को सत्य सिद्ध किया। सभी की आँखें नम थीं। आज भी वह तारा टिमटिमा कर प्रकाश दे रहा है और कह रहा है– मृत्यु पर विजय प्राप्त करो, 'मरा' को राम में रूपांतरित करो, विध्वंस को सृजन का आयाम दो; निषेध को स्वीकार में बदलों, 'न' के स्थान पर 'हाँ' कहना सीखो। जीवन अभी है– यहीं है; जीकर तो देखो। यहीं रामचरितमानस' की वर्तमानसंदर्भगिर्भिता है और प्रासंगिकता भी।

1. डॉ0 नलिन विलोचन शर्मा – हिन्दी उपन्यास विशेषतः प्रेमचंद राजकमल प्रकाशन दिल्ली, प्रथम पृ0 सं0–22

2. श्री मैथिलीशरण गुप्त – साकेत, नवम् सर्ग, चिरगाँव प्रकाशन, झाँसी चतुर्थ सं0–1980 पृ0 सं0–113

3. हरिशंकर परसाई– परसाई की कहानियाँ, लंका विजय के बाद रामराज राजपाल एण्ड सन्स, दिल्ली पृ0सं0–84

4. अज्ञेय – मैं क्यों लिखता हूँ, राष्ट्रीय शै0 अनु0 एवं प्र0 परिषद्, द्वितीय सं0–2005, पृ0सं0–124

5. आचार्य रजनीश – सम्भोग से समाधि की ओर, ताओ प्रका0, पूना, पंचम सं0, पृ0सं0–21

6. तुलसीदास – रामचरितमानस, सं0– हनुमान प्र0 पोद्दार, गीता प्रेस गोरखपुर, पृ0सं0–24

7. मा अमृत साधना – ....., ओशो टाइम्स (पत्रिका), ताओ प्रका0, दिसम्बर – 2005 – अंक, पृ0 सं0– 21

8. जयशंकर प्रसाद – कामायनी इड़ा सर्ग, लोक भारती प्रकाशन इलाहाबाद, सं0– 1995, पृ0 सं0 – 44

9. सर्वपल्ली डॉ0 राधाकृष्णन – भारतीय दर्शन, प्रथम भाग – बौद्ध दर्शन प्र0 सं0 – 1965, पृ0 सं0 – 111

10. डॉ0 हजारी प्रसाद द्विवेदी – संविद्रूपा महामाया, लोक भारती प्रका0 इलाहाबाद सं0– 1984, पृ0सं0–44

11. अनिरूद्ध राय (सम्पादक) – मानवीय करुणा की दिव्य चमक, राजकमल प्र0, दिल्ली, प्रथम सं0–2005, पृ0सं0 –120

❍ हिन्दी विभाग, ए.एन.कॉलेज, पटना

असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो।
क्या कमी रह गई देखो और सुधार करो।
कुछ किये बिना ही जय जयकार नहीं होती।
कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती।।

❍

वह मुसाफिर क्या
जिसे कुछ शूल हीं पथ के थका दें।
हौसला वह क्या
जिसे कुछ मुश्किलें पीछे हटा दें।

❍

महिला सशक्तीकरण

महिला सशक्तीकरण की पहल सर्वप्रथम 1985 में नैरोबी में संपन्न अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन में की गई थी। इसके बाद विश्व के सभी भागों में इसने एक आंदोलन का रूप ले लिया। महिला सशक्तीकरण का सामान्य अर्थ है – महिला को शक्ति संपन्न बनाना।

✍ डा.वीणा कुमारी

महिला की सुदृढ़ व सम्मानजनक स्थिति एक उन्नत, समृद्ध तथा मजबूत समाज की द्योतक होती है। जहाँ तक भारत का संबंध है, यहाँ ''यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवताः'' का सूत्र वाक्य पौराणिक काल से मान्य रहा है। ऐसे बहुत उदाहरण मिलते हैं जिनसे पता चलता है कि प्राचीन काल में महिलाओं की स्थिति सम्मानजनक थी। मध्यकाल एवं इसके बाद स्वतंत्रता प्राप्ति तक इनकी स्थिति संतोषजनक नहीं रही है। किंतु स्वतंत्रता के बाद से संविधान में किए गए अनेक प्रावधानों के कारण आज भारत की महिलाओं की स्थिति में गुणात्मक सुधार हुआ है लेकिन ग्रामीण महिलाओं की स्थिति अब भी संतोषजनक नहीं कही जा सकती। अनेक कारणों से भारतीय ग्रामीण महिलाओं की स्थिति कमजोर बनी हुई है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, राजनीतिक एवं आर्थिक भागीदारी आदि से संबंधित संकेतकों में अधिकांश भारतीय ग्रामीण महिलाओं की स्थिति निम्नवत बनी हुई है।

प्रत्येक समाज में स्त्रियों की और पुरूषों की सामाजिक स्थिति उनके आदर्शो और कार्यो के अनुसार निश्चित होती है। इन आदर्शो और कार्यो का निर्धारण उस समाज की संस्कृति करती है। संस्कृति यह निश्चित करती है कि पारिविारिक और समाजिक जीवन में स्त्रियों और पुरूषों का महत्व कितना है और उनके क्या–क्या कार्य हैं। ये महत्व और कार्य की यह निश्चित करते हैं कि समाज में स्त्रियों का स्थान पुरूषों के ऊपर, बराबर या नीचे होगा।

महिला सशक्तीकरण की पहल सर्वप्रथम 1985 में नैरोबी में संपन्न अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन में की गई थी। इसके बाद विश्व के सभी भागों में इसने एक आंदोलन का रूप ले लिया। महिला सशक्तीकरण का सामान्य अर्थ है – महिला को शक्ति संपन्न बनाना। परंतु व्यापकता में इसका अभिप्राय सत्ता–प्रतिष्ठानों एवं जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की साझेदारी से है। निर्णय लेने की क्षमता सशक्तीकरण का एक बड़ा मानक कहा जा सकता है। इस प्रकार महिला सशक्तीकरण से तात्पर्य महिलाओं को पुरूषों के बराबर वैधानिक, राजनीतिक, शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एंव आर्थिक क्षेत्रों में निर्णय लेने का स्वायत्तता से है। भारत में केंन्द्र एवं राज्य सरकारों के विभिन्न प्रशासनिक, वैधानिक, राजनीतिक एवं आर्थिक कार्यक्रमों और योजनाओं के साथ भारतीय पंचायती राज्य व्यवस्था ने ग्रामीण महिला सशक्तीकरण में उल्लेखनीय योगदान किया है। 73वें संविधान संशोधन के बाद ग्रामीण महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आया। इसमें कोई संदेह नहीं कि पंचायती राज ने महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा दिया है किंतु सशक्तीकरण की मात्रा क्षेत्र एवं परिस्थितियों के अनुसार भिन्न रही है। जिन पंचायती राज संस्थाओं में महिला प्रतिनिधि स्वयं पंचायत के मामलों को देखती है, निर्णय प्रक्रिया में पूर्ण सक्रियता से भाग लेती है और समुदाय के विकास कार्यक्रमों को बाहरी एजेंसियों से सक्रियता से करवा पाती हैं, तो कहा जा सकता है कि उन महिला प्रतिनिधियों का पूर्ण सशक्तीकरण हुआ है। दूसरी ओर, अगर महिला प्रतिनिधि अपने घर से स्वतंत्र रूप से बाहर नहीं आती, घूंघट नहीं हटा पाती और अपने पति या संबंधी के कहने पर ही दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करती हैं, तो कहा जा सकता है कि उन महिला प्रतिनिधियों का सशक्तीकरण नहीं हुआ है। भारत में पंचायती राज संस्थाओं में अभी भी ये दोनों ही स्थितियां देखने को मिलती है। इस प्रकार सशक्तीकरण का परिणाम विभिन्न स्थानों एवं परिस्थितियों में भिन्न रहा है।

"बीसवीं शताब्दी में भारत में स्त्रियों की स्थिति में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ। महिलाओं के लिए अब कोई क्षेत्र ऐसा नहीं रहा जहां उनकी पहुंच न हो। भारत में महिला राष्ट्रपति (श्रीमती प्रतिभा पाटिल) विभिन्न राज्यों की मुख्यमंत्री, लोकसभा एवं राज्य सभा की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, राज्यपाल, राजदूत, न्यायाधीश, डीन इत्यादि पदों पर भी रहीं है।"

राजनीतिक प्रक्रिया और राजनीतिक संस्थाओं में महिला की भागीदारी से शासन की गुणवत्ता में भी सुधार आया है। इनकी भागीदारी नागरिक समाज के उन्नयन, खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन, पर्यावरण की सुरक्षा, आर्थिक तथा जीविका से जुड़े मुद्दों में ज्यादा है क्योंकि इनका प्रत्यक्ष संबंध महिलाओं से है और ये महिला सशक्तीकरण के सशक्त माध्यम है। पंचायती राज के माध्यम से हुए महिला सशक्तीकरण से ग्रामीण महिलाऐं अपने अधिकारों के प्रति सेचत हुई हैं। उनके अन्याय और शोषण के विरूद्ध आवाज उठाने की हिम्मत बढ़ी है। उनके व्यक्तित्व में भी परिवर्तन आया है। उनके आत्मविश्वास एवं जोश बढ़ा है। रचनात्मक कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी बढ़ी है।

बीसवीं शताब्दी में भारत में स्त्रियों की स्थिति में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ। महिलाओं के लिए अब कोई क्षेत्र ऐसा नहीं रहा जहां उनकी पहुंच न हो। भारत में महिला राष्ट्रपति (श्रीमती प्रतिभा पाटिल) विभिन्न राज्यों की मुख्यमंत्री, लोकसभा एवं राज्य सभा की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, राज्यपाल, राजदूत, न्यायाधीश, डीन इत्यादि पदों पर भी रहीं है। भारत में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली लड़कियों या महिलाओं की संख्या में वृद्धि हुई है। राजनीतिक के क्षेत्र में लंबे समय से पुरूषों का वर्चस्व कायम रहा है। **गांधीजी ने कहा है कि ''स्त्रियों के साथ अपने व्यवहार और बर्ताव में पुरूषों ने इस सत्य को पूरी तरह से पहचाना नहीं है। स्त्री को अपना मित्र या साथी मानने के बदले पुरूषों ने अपने को उसका स्वामी माना है।''**

गांधीजी ने भी महसूस किया और कहा कि मैं स्त्री–पुरूष की समानता में विश्वास रखता हूँ इसलिए स्त्रियों के लिए मैं उन्हीं अधिकारों की कल्पना कर सकता हूँ जो पुरूषों को प्राप्त है। आज यदि समाज महिलाओं की समाजिक समानता के हक की बात सुनने को तैयार हुआ है तो यह महिलाओं के पक्ष में उभरती आवाज से आई नारी चेतना का परिणाम है।

भारत ऐसा पहला देश है, जिसने कृषि में महिलाओं की भूमिका को स्वीकारते हुए काफी पहले 1996 में ही भुवनेश्वर में राष्ट्रीय महिला कृषि अनुसंधान केंद्र (एनआरसीडब्ल्यूए) की स्थापना की थी। भुवनेश्वर स्थित यह केन्द्र कृषि प्रणालियों में महिलाओं के प्रभाव के पहचान के तौर–तरीकों और विभिन्न उत्पादन प्रणालियों के अंतर्गत विशेष रूप से महिलाओं के काम की तकनीक के विकास में लगा हुआ है। इन सबके अतिरिक्त निर्णय लेने की क्षमताओं के विकास के साथ–साथ परिवारिक जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारे में ज्ञानवर्धन हेतु भी स्वसहायता समूह की भूमिका भी केन्द्र के अध्ययन का एक महत्वपूर्ण अंग है।

> **"स्त्रियों के साथ अपने व्यवहार और बर्ताव में पुरूषों ने इस सत्य को पूरी तरह से पहचाना नहीं है। स्त्री को अपना मित्र या साथी मानने के बदले पुरूषों ने अपने को उसका स्वामी माना है।"**

महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु अपनाई गई रणनीतियों में ज्ञान के प्रसार हेतु तकनीकी किट और मीडिया के विभिन्न साधनों के उपयोग की रणनीति, सॉफ्टवेयार का विकास, प्रेरक कार्यक्रमों का आयोजन, जनसंचार साधनों के माध्यम से लोगों तक पहुँचने के कार्यक्रमों का आयोजन, प्रत्येक एआईसीआरपी केन्द्रों द्वारा एक–एक गाँव को गोद लेना और सामाजिक रूप से न्यायसंगत, आर्थिक रूप से व्यवहारिक एवं सक्षम तथा पार्यावरण की दृष्टि से ग्रामीण महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु समर्थ, जन केन्द्रित, आत्मनिर्भर और संपोषणीय विकास के लिए सहभागीय ग्रामीण मूल्यांकन तकनीकों का उपयोग सम्मिलित है।

महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र मे केरल ने अपना पहला स्थान बनाए रखा है। उसके बाद तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल ने सभी तीनों कालखंडों में अपनी मध्यम स्थिति (8वीं) बनाए रखी है। उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे निम्न स्थान वाले राज्यों के क्रम में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। परन्तु अन्य राज्यों में महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में कुछ बदलाव देखे गए हैं। महिला सशक्तीकरण के मामले में कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात की सापेक्षिक स्थिति तीसरे, पांचवे और सांतवें स्थान पर रही। यह स्थिति 1996–2000 और 2001–2007 के दौरान की है। आंध्र प्रदेश 2001–2007 में चौथे स्थान पर रहा और उसमें लगातार सुधार हो राह है। असम, पंजाब और हरियाणा की सापेक्षिक स्थिति में 2001–2007 के दौरान गिरावट दर्ज की गई है, जबकि ओड़िशा, मध्य प्रदेश और राजस्थान में पूर्व के वर्षो की तुलना में आंशिक सुधार आया। राज्य महिला सशक्तीकरण सूचकांक से पता चलता है कि कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, पंजाब और गुजरात जैसे राज्यों की महिलाएं बिहार, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की महिलाओं की अपेक्षा आधिक सशक्त और अधिकार संपन्न है।

महिलाओं की स्थिति की विवेचना करने के लिए तत्कालीन सरकार ने 22 सितंबर 1971 को एक समिति का गठन किया। 'टुवार्ड्स इक्वालिटी' शीर्षक से 1974 में प्रकाशित इस समिति की रिपोर्ट में कहा गया था कि ''संस्थागत तौर पर सबसे बड़ी अल्पसंख्यक होने के बावजूद राजनीति पर महिलाओं का असर नाममात्र है।'' इस संबंध में समिति ने सुझाव दिया था कि इसका उपाय यही है कि हर राजनीतिक दल महिला उम्मीदवारों का एक कोटा निर्धारित करें और फौरी उपाय के तौर पर समिति ने नगर परिषदों और पंचायतों में महिला के लिए सीटें आरक्षित करने के लिए संविधान में संशोधन के माध्यम से ऐसा किया भी। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए 33प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान महिला सशक्तीकरण तथा निर्णय प्रकिया में उनकी सहभागिता में वृद्धि की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम था। ❑

❍ यू.जी.सी. पोस्ट डॉक्टरल फेलो, स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग, ए.एन.कॉलेज, पटना।

An Overview

Antioxidants & Free Radicals



Antioxidants are intimately involved in the prevention of cellular damage - the common pathway for cancer, aging, and a variety of diseases. The scientific community has begun to unveil some of the mysteries surrounding this topic, and the media has begun whetting our thirst for knowledge.

Navi Ranjan

In recent years, there is a tremendous interest in the possible role of nutrition in prevention of disease. In this context, antioxidants especially derived from natural sources such as Indian medicinal plants and herbal drugs derived from them require special attention. Antioxidants neutralize the toxic and 'volatile' free radicals. Antioxidants have many potential applications, especially in relation to human health, both in terms of prevention of disease and therapy.

Antioxidants are intimately involved in the prevention of cellular damage - the common pathway for cancer, aging, and a variety of diseases. The scientific community has begun to unveil some of the mysteries surrounding this topic, and the media has begun whetting our thirst for knowledge. Athletes have a keen interest because of health concerns and the prospect of enhanced performance and/or recovery from exercise.

IT'S THE RADICALS

Free radicals are atoms or groups of atoms with an odd (unpaired) number of electrons and can be formed when oxygen interacts with certain molecules. Once formed these highly reactive radicals can start a chain reaction, like dominoes. Their chief danger comes from the damage they can do when they react with important cellular components such as DNA, or the cell membrane. Cells may function poorly or die if this occurs. To prevent free radical damage the body has a defence system of *antioxidants.*

Antioxidants are molecules which can safely interact with free radicals and terminate the chain reaction before vital molecules are damaged. Although there are several enzyme systems within the body that scavenge free radicals, the principle micronutrient (vitamin) antioxidants are vitamin E, beta-carotene, and vitamin C. Additionally, selenium, a trace metal that is required for proper function of one of the body's antioxidant enzyme systems, is sometimes included in this category. The body cannot manufacture these micronutrients so they must be supplied in the diet.

Vitamin E: d-alpha tocopherol. A fat soluble vitamin present in nuts, seeds, vegetable and fish oils, whole grains (esp. wheat germ), fortified cereals, and apricots. Current recommended daily allowance (RDA) is 15 IU per day for men and 12 IU per day for women.

Vitamin C: Ascorbic acid is a water soluble vitamin present in citrus fruits and juices, green peppers, cabbage, spinach, broccoli, kale, cantaloupe, kiwi, and strawberries. The RDA is 60 mg per day. Intake above 2000 mg may be associated with adverse side effects in some individuals.

Beta-carotene is a precursor to vitamin A (retinol) and is present in liver, egg yolk, milk, butter, spinach, carrots, squash, broccoli, yams, tomato, cantaloupe, peaches, and grains. Because beta-carotene is converted to vitamin A by the body there is no set requirement. Instead the RDA is expressed as retinol equivalents (RE), to clarify the relationship. (NOTE: Vitamin A has no antioxidant properties and can be quite toxic when taken in excess.)

PREVENTING CANCER AND HEART DISEASE - DO ANTIOXIDANTS HELP?

Epidemiologic observations show lower cancer rates in people whose diets are rich in fruits and vegetables. This has lead to the theory that these diets contain substances, possibly antioxidants, which protect against the development of cancer. There is currently intense scientific investigation into this topic. Thus far, none of the large, well designed studies have shown that dietary supplementation with extra antioxidants reduces the risk of developing cancer. In fact one study demonstrated an increased risk of lung cancer in male smokers who took antioxidants vs. male smoker who did not supplement. Whether this effect was from the antioxidants is unknown but it does raise the issue that antioxidants may be harmful under certain conditions.

Antioxidants are also thought to have a role in slowing the aging process and preventing heart disease and strokes, but the data is still inconclusive. Therefore from a public health perspective it is premature to make recommendations regarding antioxidant supplements and disease prevention. New data from ongoing studies will be available in the next few years and will shed more light on this constantly evolving area. Perhaps the best advice, which comes from several authorities in cancer prevention, is to eat 5 servings of fruit or vegetables per day.

"Antioxidants are also thought to have a role in slowing the aging process and preventing heart disease and strokes, but the data is still inconclusive. Therefore from a public health perspective it is premature to make recommendations regarding antioxidant supplements and disease prevention."

EXERCISE AND OXIDATIVE DAMAGE

Endurance exercise can increase oxygen utilization from 10 to 20 times over the resting state. This greatly increases the generation of free radicals, prompting concern about enhanced damage to muscles and other tissues. The question that arises is, how effectively can athletes defend against the increased free radicals resulting from exercise? Do athletes need to take extra antioxidants?

Because it is not possible to directly measure free radicals in the body, scientists have approached this question by measuring the by-products that result from free radical reactions. If the generation of free radicals exceeds the antioxidant defenses then one would expect to see more of these by-products. These measurements have been performed in athletes under a variety of conditions.

Several interesting concepts have emerged from these types of experimental studies. Regular physical exercise enhances the antioxidant defence system and protects against exercise induced free radical damage. This is an important finding because it shows how smart the body is about adapting to the demands of exercise. These changes occur slowly over time and appear to parallel other adaptations to exercise.

On the other hand, intense exercise in untrained individuals overwhelms defences resulting in increased free radical damage. Thus, the "weekend warrior" who is predominantly sedentary during the week but engages in vigorous bouts of exercise during the weekend may be doing more harm than good. To this end there are many factors which may determine whether exercise induced free radical damage occurs, including degree of conditioning of the athlete, intensity of exercise, and diet.

CAN ANTIOXIDANT SUPPLEMENTS PREVENT EXERCISE INDUCED DAMAGE OR ENHANCE RECOVERY FROM EXERCISE?

Although it is well known that vitamin deficiencies can create difficulties in training and recovery, the role of antioxidant supplementation in a well nourished athlete is controversial. The experimental studies are often

conflicting and conclusions are difficult to reach. Nevertheless, most of the data suggest that increased intake of vitamin E is protective against exercise induced oxidative damage. It is hypothesized that vitamin E is also involved in the recovery process following exercise. Currently, the amount of vitamin E needed to produce these effects is unknown. The diet may supply enough vitamin E in most athletes, but some may require supplementation. There is no firm data to support the use of increased amounts of the other antioxidants.

PERFORMANCE

In general, antioxidant supplements have not been shown to be useful as performance enhancers. The one exception to this is vitamin E which has been shown to be useful in athletes exercising at high altitudes. A placebo controlled study done on mountaineers demonstrated less free radical damage and decline in anaerobic threshold in those athletes supplemented with vitamin E. Although difficult to generalize, this finding suggests that supplementation with vitamin E might be beneficial in those tri athletes who are adapting to higher elevations.

HOW MUCH IS ENOUGH?

Although there is little doubt that antioxidants are a necessary component for good health, no one knows if supplements should be taken and, if so, how much. Antioxidants supplements were once thought to be harmless but increasingly we are becoming aware of interactions and potential toxicity. It is interesting to note that, in the normal concentrations found in the body, vitamin C and beta-carotene are antioxidants; but at higher concentrations they are pro-oxidants and, thus, harmful. Also, very little is known about the long term consequences of mega doses of antioxidants. The body's finely tuned mechanisms are carefully balanced to withstand a variety of insults. Taking chemicals without a complete understanding of all of their effects may disrupt this balance.

RECOMMENDATIONS

- Follow a balanced training program that emphasizes regular exercise and eat 5 servings of fruit or vegetables per day. This will ensure that you are developing your inherent antioxidant systems and that your diet is providing the necessary components.
- Weekend warriors should strongly consider a more balanced approach to exercise. Failing that, consider supplementation.
- For extremely demanding races (such as an ultradistance event), or when adapting to high altitude, consider taking a vitamin E supplement (100 to 200 IU, approximately 10 times the RDA) per day for several weeks up to and following the race.
- Do not oversupplement.

"Antioxidants supplements were once thought to be harmless but increasingly we are becoming aware of interactions and potential toxicity. It is interesting to note that, in the normal concentrations found in the body, vitamin C and beta-carotene are antioxidants; but at higher concentrations they are pro-oxidants and, thus, harmful."

CONCLUSION

Current life style is one of the major causes in the over production of free radicals and reactive oxygen species and decreasing physiological antioxidant capacity. Food provides not only nutrients essential for life but also other bioactive compounds for health promotion and disease prevention. Epidemiological studies have consistently shown that regular consumption of plant foods is associated with reduced risk in developing chronic degenerative diseases and biological ageing. Phytochemicals are the bioactive non nutrient compounds present in plant foods which have been suggested to be responsible for their bioactivity linked to the reduced risk of major chronic diseases. It has indeed been estimated that a healthy diet could prevent approximately 30% of all cancers. So far, published data from other parts of the world and India account only for a minor fraction of total polyphenols and Antioxidant activity of plant foods. Therefore it is suggested to have food composition tables on antioxidant activity and polyphenolic content of commonly consumed plant foods. ❑

❍ Research Fellow (UGC), Deptt. of Botany, A.N.college, Patna

समाजसेवी कर्पूरी ठाकुर

(1924–1988)

सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यकलाप

कर्पूरी ठाकुर ने अपने सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यकलाप से बिहार की धरा को तृप्त किया एवं धन्य किया। इस महान विभूति के व्यक्तित्व के चलते ही इन्हें जननायक की उपाधि दी गयी। ये सिद्धांत के पुजारी एवं कमजोरों का रक्षक एवं जननेता थे।

राजेन्द्र कुमार

भारतीय समाज एवं राजनीति क्षितिज पर सर्वाधिक दीप्यमान सितारे एवं सिसकते समाज की सुलगती चिनगारी के रूप में बिहार की धरती पर 1924 ई0 में कर्पूरी ठाकुर का आगमन हुआ। इन्होंने भारतीय राजनीति में खासकर सामाजिक न्याय की स्थापना की। राजनीति ने एक सरल किन्तु गंभीर व्यक्तित्व की क्षमता को दीप्त किया।

कर्पूरी ठाकुर ने अपने सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यकलाप से बिहार की धरा को तृप्त किया एवं धन्य किया। इस महान विभूति के व्यक्तित्व के चलते ही इन्हें जननायक की उपाधि दी गयी। ये सिद्धांत के पुजारी एवं कमजोरों का रक्षक एवं जननेता थे। ''कर्पूरी ठाकुर का सारा जीवन संघर्षमय रहा, क्योंकि दलितों, पिछड़ों एवं शोषित समाज की कुंठित भावनाओं को बिहार ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण भारत के भौगोलिक मानचित्र पर लानेवाला वह अकेला वयक्ति था, जिन्होंने अपनी आवाज देकर गरीब, मजदूर, शोषित किसानों को अपने–अपने अधिकार के लिए बोलना सिखाया।''

कर्पूरी ठाकुर एक महान सामाजिक सुधारक थे। हम पाते हैं कि भारतवर्ष के इतिहास में समाजवादियों में डॉ0 राम मनोहर लोहिया, लोकनायक जय प्रकाश नारायण, आचार्य नरेन्द्र देव और मधु लिमये से लेकर कर्पूरी ठाकुर तक की एक लम्बी परम्परा रही है, इन्होंने भारतीय समाज के उत्थान के लिए अनेक कार्य किया, जिसका प्रभाव अभी भी भारतीय समाज में देखने को मिलता है। उन्होंने बाबा साहब भीमराव अम्बेदकर के सिद्धांतों, शिक्षित बनो, संगठित बनो और संघर्ष करो की वाणी को एवं महात्मा ज्योति फूले के आदर्शों को निम्न वर्गों के दिलों में जगाया। इसीलिए समाजवादी आन्दोलन की जहाँ कहीं भी चर्चा होती है, वहाँ समाजसेवी कर्पूरी ठाकुर का नाम आदर एवं श्रद्धा से लिया जाता है।

समाजसेवी कर्पूरी ठाकुर का जन्म उस समय हुआ, जिस समय पूरा भारतवर्ष अंग्रेजों की हुकुमत से त्रस्त था। जमींदारी प्रथा के चलते समजा में धार्मिक कट्टरता एवं जातीयता की भावना बहुत जोरों पर थी। चारों तरफ समाज में छुआछूत एवं रूढ़िवादी व्यवस्था का जहर फैला हुआ था। वर्ण–व्यवस्था के नाम पर तथाकथित अगड़ी जातियाँ सत्ता, सम्पत्ति, सम्मान, शिक्षा और सुविधा पर कुण्डली मार बैठी थी, वहीं बहुसंख्यक शूद्र जातियाँ एवं अछूत जातियाँ गोत्र, वर्ण, वर्ग और सामाजिक एवं धार्मिक संस्कृतिकरण के नाम पर हाशिए पर थी। उच्च वर्गों के द्वारा शुद्रों का मनोबल तोड़ दिया गया था। अंग्रेजों ने हिन्दुओं की इस छुआछूत के बीज को भारतीय समजा में डालकर ''फूट डालो और राज्य करो'' की फसल काट रहे थे। इस प्रकार भारतवर्ष के अछूत, अंग्रेज और सवर्ण हिन्दुओं के गुलाम थे। उनपर अंग्रेज और सवर्ण हिन्दू जमींदारों का जुल्म और अत्याचार जारी था। कर्पूरी ठाकुर चाहते थे कि समाज के सभी लोगों के बीच में पारस्परिक प्रेम और सद्भावना का वातावरण बना रहे। उनका विचार था कि समाज से जाति व्यवस्था दूर हो तथा वर्ण–व्यवस्था की बुराई भी दूर हो, छुआछूत का निवारण हो और महिलाएँ भी शिक्षित होकर पुरूषों के समान विभिन्न सुविधाओं को

प्राप्त करें। यहाँ की आम जनता अंग्रेजी शासन व्यवस्था से छुटकारा चाहती थी। भारतवर्ष में स्वतंत्रता की सुगबुगाहट लोगों के दिलों में पनप चुकी थी। ठीक इसी वक्त कर्पूरी ठाकुर ने आजादी की क्रांति में चिनगारी का काम किया।

समाजसेवी कर्पूरी ठाकुर का स्वतंत्रता आन्दोलन में भी काफी योगदान रहा है। हम पाते हैं कि 1942 ई0 का भारत छोड़ो आन्दोलन में उन्होंने भाग लिया तथा आन्दोलन के विकास में सक्रिय भूमिका निभाई, जिसके चलते इन्हें जेल भी जाना पड़ा। कुछ महीने जेल में रहने के बाद 1945 ई0 में इन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। जेल से रिहा होने के बाद ये स्वतंत्रता आन्दोलन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। ये सोसलिस्ट पार्टी के विकास के लिए कार्य करते रहे। आन्दोलन के दरम्यान इन्हें कई बार मार भी खानी पड़ी। लेकिन आन्दोलन को आगे बढ़ाते रहे। कर्पूरी ठाकुर के कार्यकलाप के बारे में बतलाते हुए बिहार के भूतपूर्व राज्यपाल पी0 बैंकट सुबैया ने लिखा है कि – ''सन् 1942 ई0 में राष्ट्रीय आन्दोलन में एक कर्मठ योद्धा के रूप मं कर्पूरी ठाकुर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।'' इनके राजनीतिक प्रतिद्वन्दी एवं उनपर घात करने वाले राजनीतिज्ञ डॉ0 शिवचन्द्र झा तत्कालीन अध्यक्ष, बिहार विधान सभा ने भी उनकी प्रशंसा में लिखा है कि – ''श्री कर्पूरी ठाकुर स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी, समाजवादी आन्दोलन के अग्रणी, कुशल प्रशासक तथा सजग विरोधी दल के नेता के रूप में बिहार एवं देश की सेवा करते रहे।''

आधुनिक भारतीय समाज में विभिन्न तरह की बुराईयाँ समा गयी थीं। जाति–पाति और छुआछूत की भावना ने सामाजिक एकता को समाप्त कर रही थी। समाज में उच्चतर जातियों के लोग निम्नतर जातियों के लोगों को तरस्कारपूर्ण दृष्टि से देखते थे। अछूत प्रथा इतने वीभत्स रूप में प्रचलित थे कि अनेक स्थानों पर अछूत उन रास्तों पर भी नहीं चल सकते थे, जिन रास्तों पर सवर्ण वर्ग के लोग चलते थे। अछूत न तो मंदिर में प्रवेश कर सकते थे और न सार्वजनिक कुओं और तालाबों का ही प्रयोग कर सकते थे। अछूत वर्ग के लोग जीवन की अनेक सुविधाओं से वंचित थे, जिससे सामाजिक व्यवस्था में गिरावट आ रही थी। इसके अतिरिक्त समाज में दहेज प्रथा अभिशाप के रूप में प्रचलित हो रही थी। जिसके चलते इन्होंने नारी शिक्षा का समर्थन किया और जाति–पाति की कटु आलोचना की। कर्पूरी ठाकुर ने इस बात का खुलकर प्रचार किया कि ईश्वर की दृष्टि में सभी मनुष्य समान हैं। इन्होंने समाज की कुत्सित प्रथा को लोकतंत्र विरोधी, अमानवीय और राष्ट्रविरोधी बतलाया। कर्पूरी ठाकुर ने समाज से जातिगत और वर्गगत भेदभावों को दूर करके बिहार ही नहीं बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष में सामाजिक एकता कायम करने की चेष्टा की, जिससे भारत सामाजिक एकता कायम करके राष्ट्रीय एकता की प्राप्ति कर सके। तभी गुलामी दूर होगा।

समाज सेवी कर्पूरी ठाकुर ने बिहार की महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने का प्रयास किया। इनके आगमन के काल में समाज पर्दा प्रथा, बाल–विवाह तथा दहेज प्रथा की बुराइयों से ग्रसित था। इन्होंने स्त्री शिक्षा पर जोर दिया। इनका मानना था कि जब तक समाज में लड़कियाँ शिक्षित नहीं होगी, तब तक सामाजिक बुराईयाँ दूर नहीं होगी। लड़कियों को पढ़ाई में इन्होंने विभिन्न तरह की सुविधाएँ प्रदान किया। इनका मानना था कि 16 वर्ष से लेकर 24 वर्ष तक की लड़कियों को विवाह कर देना चाहिए और 20 वर्ष से लेकर 30 वर्ष तक लड़कों को शादी कर देना चाहिए। शादी के लिए यह उम्र ठीक है। यह एक ऐसी अवस्था है जिसमें लड़की एवं लड़का विवाह का अर्थ एंव स्वरूप को समझते हैं तथा अपने विवेक से जीवनसाथी को चुन सकते हैं। वे समाज में स्त्रियों को ऊँचा स्थान देते थे। कर्पूरी ठाकुर मनु भाष्य एवं स्वामी दयानन्द सरस्वती के इस सूक्ति से सहमत थे कि – '' जहाँ नारियों की पूजा की जाती है, वहाँ महापुरूष उत्पन्न होते हैं, जहाँ उनका सम्मान नहीं किया जाता है, वहाँ समस्त कार्य निष्फल होते हैं।

हम पाते हैं कि 1945 ई0 के बाद काँग्रेस पार्टी एवं सोसलिस्ट

पार्टी का विधिवत विलय हो गया। बिहार में इसके सक्रिय सदस्यता का भार कर्पूरी ठाकुर ने लिया। बिहार राज्य में समाजवादी विचारधारा के संयोजन और गरीब, मजदूर, दलितों तथा शोषितों के हित के लिए जुझारू संघर्ष करने वाले नेता कर्पूरी ठाकुर इस कदर लिप्त हुए कि मृत्युपर्यन्त व्यक्तिगत जीवन से जुड़ न सके। सोसलिस्ट पार्टी के सक्रिय सदस्य होने के नाते जब जिलावार संगठन प्रारम्भ हुआ, तो सर्वप्रथम दरभंगा जिले के मंत्री के रूप में कर्पूरी ठाकुर को जिम्मेवारी सौंपी गयी। 1947 ई0 तक कर्पूरी ठाकुर सोसलिस्ट पार्टी के मंत्री बने रहे। इस अवधि में इन्होंने इलियास नगर और विक्रमपट्टी के जमींदारों पर बकाश्त आन्दोलन का नेतृत्व करते रहे और 50 बीघे जमीन को गरीबों में बँटवाकर उन्होंने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। सन् 1947 ई0 में कर्पूरी ठाकुर ने रामानन्द मिश्र के नेतृत्व में भारतीय किसान सभा की स्थापना की। जिसमें इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसके चलते अखिल भारतीय किसान पंचायत एक मजबूत संस्था बन गयी।

15 अगस्त 1947 ई0 को भारतवर्ष क्रान्तिकारियों के बलिदानों के फलस्वरूप स्वतंत्र हो गया था। शताब्दियों की दासता की बेड़ियाँ अब टूट चुकी थी। स्वतंत्रता आन्दोलन में थके–हारे नेता अब सत्ता पाने के लिए जोड़–तोड़ की राजनीति करने लगे थे। लेकिन समाजसेवी कर्पूरी ठाकुर ने गरीबों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, उत्पीड़ितों और अन्य कमजोर वर्गों की लड़ाई आजाद भारत में लड़नी शुरू कर दी थी। अब कपूर्री ठाकुर सामाजिक न्याय की दिशा में अग्रसर होने लगे। उसने 1948 ई0 में सोसलिस्ट पार्टी से अलग एक स्वतंत्र पार्टी का गठन किया जिसका बागडोर अपने हाथ में रखा। हम जानते हैं कि कर्पूरी ठाकुर 1948 ई0 से लेकर 1953 ई0 तक सोसलिस्ट पार्टी के प्रान्तीय सचिव रहे और इस अवधि में गाँव–गाँव में घुमकर पार्टी की जड़ों को मजबूत करते रहे, साथ ही साथ समाजवादी सिद्धांतों को जन–जन तक पहुँचाते रहे। ''1948 ई0 में दरभंगा काँग्रेस सोसलिस्ट पार्टी के प्रदेशिक सम्मेलन में कर्पूरी ठाकुर जिला पार्टी के सचिव बनाये गये। जिला मंत्री के रूप इन्होंने जमींदारी प्रथा के अन्याय के विरूद्ध पंडित रामानन्द मिश्र के नेतृत्व में सम्पूर्ण जिला के गाँव–गाँव के किसानों को संगठित किया तथा वहाँ के जमींदारों के अन्याय के विरूद्ध सशक्त आन्दोलन खड़ा किया।''

“जिला मंत्री के रूप इन्होंने जमींदारी प्रथा के अन्याय के विरूद्ध पंडित रामानन्द मिश्र के नेतृत्व में सम्पूर्ण जिला के गाँव–गाँव के किसानों को संगठित किया तथा वहाँ के जमींदारों के अन्याय के विरूद्ध सशक्त आन्दोलन खड़ा किया।”

1952 ई0 में प्रथम विधानसभा के चुनाव में कर्पूरी ठाकुर ताजपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए सोसलिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव जीत गये। इसके पूर्व काँग्रेस और समाजवादियों के बीच मार्च, 1948 ई0 में नासिक अधिवेशन ही अंतिम मिलनस्थल था और समाजवादियों ने काँग्रेस से नाता तोड़ लिया और बाद में किसान–मजदूर प्रजा सोसलिस्ट पार्टी का गठन कर लिया गया। इस पार्टी का उद्देश्य महात्मा गाँधी के सिद्धांतों पर गाँधीवादी समाजवाद की स्थापना करना था। बाद में प्रजा सोसलिस्ट पाअर्ट का गठन हुआ। इस प्रकार कर्पूरी ठाकुर ने इस पार्टी के अपना सिद्धांत मार्क्सवादी और गाँधीवादी समाजवाद को अपनाया। ''एक अक्टूबर, 1952 ई0 में पी0एस0पी0 (प्रजा सोसलिस्ट पार्टी) की कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें कई कमिटियाँ बनायी गयी, जैसे– लेबर कमिटि, संसदीय कमिटि, यूथ कमिटि, महिला कमिटि, मुस्लिम पब्लिक रिलेसन कमिटि आदि। प्रत्येक कमिटि का संयोजक नियुक्त किया गया, जिसमें कर्पूरी ठाकुर को अहम भूमिका दी गयी।''

कर्पूरी ठाकुर में सामाजिक विषमता को दूर करने की उत्कृष्ट आकांक्षा थी। समाज में रहनेवाले सभी निम्नवर्गों को भी सभी तरह का अधिकार मिले, इसके लिए वे बराबर संघर्ष करते रहते थे। जब इन्होंने प्रथम बार किसान सभा का सदस्य बनकर प्रथम दिन विधानसभा में प्रवेश किया, तो मुख्यमंत्री श्री कृष्ण सिंह के अभिनन्दन में अपनी ओजस्वी भाषण से सभी सदस्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने लड़कर अंग्रेजों से आजादी प्राप्त कर ली है, हमारा यह भी सौभाग्य है कि स्वतंत्रता सेनानियों के अग्रणी नेता बाबू श्री कृष्ण सिंह भी आज आजाद भारत में बिहार प्रान्त के राज्य सिंहासन (मुख्यमंत्री) पद पर आरूढ़ हैं। हम उम्मीद करते हैं कि श्री कृष्ण बाबू राज्य का संचालन उसी प्रकार करेंगे, जिस प्रकार बादशाह नासिरुद्दीदन राज्य चलाता था और अपनी सारी प्रजा को एक समान पुत्रवत प्यार करता था।'' मुख्यमंत्री श्री कृष्ण सिंह ठाकुर जी के भाषण से काफी खुश हुए। उन्होंने अपने भाषण में जवाब देने के क्रम में कहा भी था– ''कर्पूरी ठाकुर के प्रथम भाषण ने मुझे अत्यधिक प्रभावित किया है। मैं आशा करता हूँ कि ठाकुर जी अपनी ओजस्वी भाषण रूपी सुगंध से बिहार विधानसभा को हमेशा सुगंधित करते रहेंगे।'' यह बातें कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तित्व को उजागर करता है। वे व्यक्तिगत के धनी थे। उनका सादगी जीवन और उच्च विचार उनके व्यक्तित्व का पहचान था।

कर्पूरी ठाकुर ने डॉ0 राम मनोहर लोहिया, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, आचार्य नरेन्द्र देव तथा मधु लिमये के सामाजिक उत्थान संबंधी समाजवादी विचारों से प्रभावित होकर समाजिक विषमता को दूर करना जरूरी समझा। इन्हें रामानन्द तिवारी एवं कपिलदेव सिंह का सहयोग प्राप्त हुआ। कर्पूरी ठाकुर ने सामाजिक सुधार के लिए सांस्कृतिक क्रांति ाक बिगुल फूँका, जिसका लक्ष्य था प्रजातांत्रिक समाजवादी भारत की स्थापना करना। कर्पूरी ठाकुर ने अपने मुख्यमंत्री काल में समजा में व्याप्त भंगी प्रथा को समाप्त किया। मेहतर जाति के लोग अब अपने माथे पर पैखाना

नहीं ढ़ोयेंगे, को कानून बनाकर समाप्त किया तथा अन्तरजातीय विवाह को प्रोत्साहन देकर छुआछूत को मिटाया। कुष्ठ रोगियों तथा अपाहिजों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था की गयी। इन्होंने सामाजिक उद्धार के लिए सामाजिक न्याय की दिशा में एक साहसिक कदम उठाया। उन्होंने समाज में दबे, कुचले, पिछड़े, शोषित, दलित, गरीब, मजदूर को सामाजिक बुराइयों से ऊपर उठाने के लिए आरक्षण नीति को लागू किया। इनका मानना था कि आरक्षण नीति को लागू कर निम्नवर्गों के छात्रों को आरक्षण का लाभ दिलाकर ही समाज का उद्धार किया जा सकता है। कर्पूरी ठाकुर ने सर्वथा न्यायोचित आरक्षण नीति को लागू करने के लिए मुंगेरीलाल कमिटि तथा काका कालेलकर कमिटि की अनुशंसाओं के अध्ययन के बाद अपनी सूझ–बूझ का परिचय देते हुए पिछड़ी जातियों के पिछड़ेपन के अनुपात में आरक्षण का प्रतिशत निर्धारित कर अपने न्यायपूर्ण होने को साबित कर दिया। 1978 ई0 में हरिजन–आदिवासियों के अतिरिक्त पिछड़ी जातियों एवं कमजोर वर्गों के लिए सरकारी नौकरियों में 26 प्रतिशत आरक्षण लागू किया। इसमें 12 प्रतिशत अत्यंत पिछड़ी जातियों के लिए 8 प्रतिशत पिछड़ी जातियों के लिए 3 प्रतिशत महिलाओ के लिए तथा 3 प्रतिशत आर्थिक रूप से पिछड़े उच्च वर्ग के लोगों के लिए नौकरियों में आरक्षण नीति को लागू किया। इस प्रकार समाजसेवी कर्पूरी ठाकुर ने अपने मुख्यमंत्री काल में आनुपातिक पिछड़ेपन के लिए आनुपातिक आरक्षण नीति को लागू कर ''सामाजिक न्यायिक व्यवहारवादी'' होने का परिचय दिया। आरक्षण नीति के लागू होने से निम्नवर्ग एवं पिछड़े वर्ग के छात्रों को काफी लाभ मिला। अब वे अपने–अपने अधिकारों को समझने लगे तथा उच्च पदों को सुशोभित करने लगे, जिससे बिहार में सामाजिक व्यवस्था में सुधार हुआ।

कर्पूरी ठाकुर शिक्षाप्रेमी थे। उनका मानना था कि जब तक समजा के निम्न वर्ग के लोगों की शिक्षा के प्रति भावना नहीं जगेगी, तब तक समाज का विकास नहीं होगा। यही कारण है कि इन्होंने प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य किया। अंग्रेजी की जगह हिन्दी भ्ज्ञाषा को बढ़ावा दिया। गरीब छात्रों का मैट्रिक तक का स्कूल फीस माफ किया। मैट्रिक में बिना अंग्रेजी पास होने की मान्यता दी। कर्पूरी ठाकुर का नारा था– ''अंग्रेज यहाँ से चले गये, अब अंग्रेजी भाषा को भी जाना होगा। अंग्रेजी में अब कोई काम नहीं होगा, फिर देश गुलाम नहीं होगा।'' मैथली तथा भोजपुरी अकादमी की स्थापना करके दोनों भाषा को उन्नत किया। इन्होंने सामाजिक उत्कर्ष के लिए विभिन्न जगहों पर स्कूल एवं कॉलेज खोले। कर्पूरी ठाकुर ने सर्वप्रथम शाहपुर पटोरी जिला समस्तीपुर में आचार्य नरेन्द्र देव महाविद्यालय की स्थापना किया। उसके बाद भी इन्होंने डॉ0 राम मनोहर लोहिया स्मारक कॉलेज, मुफ्फरपुर, डॉ0 लोहिया, विशेश्वर दास कॉलेज, ताजपुर, सत्यनारायण मेहर अली राम बदल चरण कर्पूरी कॉलेज, समस्तीपुर तथा गोकुल कर्पूरी फूलेश्वरी कॉलेज, कर्पूरीग्राम (समस्तीपुर) आदि को खोला। इन्होंने बिहार के समाज को शैक्षणिक दृष्टिकोण से उन्नत करने के लिए ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की स्थापना की। हरिजन–आदिवासी एवं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति एवं अलग छुआछूत की व्यवस्था की गयी। महात्मा गाँधी के अनुसार समाज से जाति प्रथा तथा ऊँच–नीच छुआछूत को मिटाने का प्रयास किया। जिससे बिहार का सर्वांगीण विकास हुआ। इनकी मृत्यु 1988 ई0 में हृदय गति रूक जाने के कारण हुई। आज जो हम बिहार की सामाजिक स्थिति में सामाजिक समरसता एवं अन्य सुधार देखते हैं वह शुद्र जाति (नाई) जाति में जन्म लेने वाला समाजसेवी कर्पूरी ठाकुर के सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यकलाप का ही फल है।

कर्पूरी ठाकुर ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में समाज में व्याप्त भंगी प्रथा को समाप्त किया। समाज में मेस्तर जाति के लोग अपने माथे पर पैखाना ढ़ोते थे, इस व्यवस्था को कर्पूरी ठाकुर ने कानून बनाकर समाप्त किया। सभी जगह दलित और निम्न वर्ग के गाँव में गाँधी सुलभ शौचालय की व्यवस्था की गयी। समाज में छुआछूत मिटाने के लिए इन्होंने अंतरजातीय विवाह को बढ़ावा दिया। नशाबंदी कानून लागू किया गया। शराब बेचने वाले एवं खरीदने वाले पर पाबंदी लगाया गया। कर्पूरी ठाकुर ने कुष्ट रोगियों तथा अपाहिजों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था किया।

इस प्रकार समाज सेवी कर्पूरी ठाकुर ने महात्मा गाँधी के सामाजिक सुधार संबंधी विचारधारा से प्रभावित होकर अपने सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यकलाप के द्वारा सामाजिक प्रेम, सद्भावना, भाईचारा, आरक्षण की नीति को लागू करना, महिलाओं को शिक्षित करने के लिए हाई स्कूल तक फीस माफ करना, बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा से जोड़ने, समाज से जाति–पाँति की भावना, छूआछूत, ऊँच–नीच की भावना को मिटाने, दहेज प्रथा एवं विधवा प्रथा को दूर करने का प्रयास किया। इन्होंने अंतरजातीय विवाह को बढ़ावा दिया तथा बाल–विवाह पर रोक लगाया। इन्होंने विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक सुधार कार्य करके जीर्ण–शीर्ण समाज का बहिष्कार किया तथा उसे नया जीवन दिया। उनमें देशप्रेम एवं राष्ट्रीयता की भावना को जगाया, जिससे बिहार राज्य एवं भारत देश का उत्थान हुआ। अपने सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यकलाप के चलते ही आज कर्पूरी ठाकुर मरकर भी अमर हैं।

संदर्भ सूची

1. कर्पूरी ठाकुर का संसदीय जीवन एक परिचय, खंड–एक, पृ0 सं0–1, पुस्तकालय एवं शोध संदर्भ शाखा, बिहार विधानसभा सचिवालय, पटना।
2. ''कर्पूरी ठाकुर अभिनंदन ग्रंथ'', पृ0सं0–3, सम्पादक आचार्य हबलदार त्रिपाठी सहृदय।
3. डॉ0 शिवचन्द्र झा, तत्कालीन अध्यक्ष, बिहार विधानसभा, पटना ने यह उक्ति लिपिबद्ध की है ''कर्पूरी ठाकुर अभिनंदन ग्रंथ'' में, पृ0सं0–4
4. डॉ0 धनपति पांडे ''द आर्य समाज एण्ड इंडियन नेशनलिज्म'' पृ0सं0–51
5. जननायक कर्पूरी ठाकुर का व्यक्तित्व और कृतित्व, मैथिली आकादमी, पटना, पृ0सं0–54–55।
6. P.S.P (पी0एस0पी0) के स्टेट एनुअल कॉन्फ्रेंस, मधुबनी का रिपोर्ट।
7. ''कर्पूरी ठाकुर का संसदीय जीवन'', डॉ0 रंजना कुमारी, राजकमल प्रकाशन, पटना, पृ0सं0–55।
8. जननायक कर्पूरी ठाकुर का व्यक्तित्व और कृतित्व, मैथिली अकादमी, पटना पृ0 सं0–65। ❑

❍ UGC-NET (Qualified) RGNF, PG Deptt of Sociology, A.N College, Patna

क्रीड़ा परिषद : एक प्रस्तुति

डा. अजय कुमार

महाविद्यालय में 2014–15 का क्रीड़ा वर्ष खेल गतिविधियों की दृष्टि से विशेष महत्वपूर्ण रहा। इस खेल वर्ष में मगध विश्वविद्यालय बोध गया के अध्यक्ष छात्र कल्याण द्वारा अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में एक नई खेल प्रतियोगिता वॉस्केट बॉल को जोड़ा गया। इस नवोदित खेल (वॉस्केट बॉल) के अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता की मेजवानी का दायित्व भी अनुग्रह नारायण कॉलेज को दिया गया। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता नवम्बर 1914 को आयोजित की गई जिसमें अनुग्रह नारायण कॉलेज चैम्पियन घोषित हुआ। इसने बी.डी. कॉलेज को फाइनल में हराया।

मगध विश्वविद्यालय में बॉस्केट बॉल प्रतियोगिता का खेल कैलेन्डर में अंकित नहीं रहने के बावजूद महाविद्यालय के खिलाड़ी इस खेल का अभ्यास प्रतिदिन करते थे। महाविद्यालय के क्रीड़ा मैदान में राष्ट्रीय मानक के अनुरूप बॉस्केट बॉल कोर्ट उपलब्ध है। खिलाड़ियों द्वारा निरंतर अभ्यास के कारण ही 2014 में रीलायंस इण्डिया द्वारा आयोजित बिहार राज्य बॉस्केट बॉल प्रतियोगिता का खिताब महाविद्यालय ने जीता। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों एवं महाविद्यालयों ने अपनी प्रतिभागिता दी थी। जिसमें आई.आई.टी. पटना, चाणक्य विधि महाविद्यालय पटना, लंगट सिंह कॉलेज मुजफ्फरपुर, महाराजा कॉलेज आरा तथा बी.डी. कॉलेज पटना प्रमुख थे।

मगध विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता 2014–2015 के विभिन्न खेलों यथा क्रिकेट, बॉली बॉल, बॉल बैडमिंटन, बॉक्सिंग, खो–खो, कबड्डी तथा एयलेटिक्स के विभिन्न प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय द्वारा टीम भेजी गई। बॉल बैडमिंटन में विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाविद्यालय की टीम चैम्पियन घोषित हुई। कबड्डी एवं खो–खो में हम सेमीफानइल तक पहुँचे। एथलेटिक्स के तीन विधाओं उँची कूद लम्बी कूद एवं जैविलीन में हमारे खिलाड़ियों ने पदक हासिल किये। मुक्केबाजी में भी हमें स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ।

अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता 2014–15 में मगध विश्वविद्यालय के टीम के सदस्य के रूप में भी महाविद्यालय के खिलाड़ियों की भागीदारी रही। अंतर विश्वविद्यालय की बॉल बैडमिंटन टीम में महाविद्यालय के सात खिलाड़ी मगध विश्व विद्यालय टीम की हैसियत से अलगण्पा विश्वविद्यालय कोडईकनाल, चिन्नई गयी। इस टीम का कप्तान भी उत्तम कुमार अनुग्रह नारायण महाविद्यालय का ही छात्र था। इसी तरह मगध विश्वविद्यालय की बास्केट बॉल टीम के सदस्य के रूप में महाविद्यालय के कप्तान सहित आठ खिलाड़ी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी में अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता खेलों और सेमीफाइनल तक अपनी पहुँच

सुनिश्चित की।

महाविद्यालय का वी.ए. पार्ट–3 का छात्र रितेश कुमार (राजनीति विज्ञान प्रतिष्ठा, रौल –75) ने इण्डो–नेपाल थ्रो बॉल एशियन चैम्पियन शिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। यह प्रतियोगिता 4 एवं 5 अगस्त 2014 को आर्मी यूनिट पोखरण नेपाल में आयोजित की गई थी। महाविद्यालय के बारहवीं का छात्र अभिषेक कुमार दिनांक 7 अक्टूबर 2014 को वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा आयोजित स्थल फोटोग्राफी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता संजय गाँधी जैविक उद्यान में आयोजित की गई थी।

महाविद्यालय की वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता फरवरी 7 एवं 8 2015 को आयोजित की गई थी जिसमें करीब 500 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों के लिए 100, 200, 400, 800, 1500 एवं 5000 मीटर रेस आयोजित की गई थी, जबकि छात्राओं के लिय सिर्फ 100, 200, 400 एवं 800 मीटर की रेस। उँची कूद, लम्बी कूद, जैविलिन, शॉट पर एवं डिसकस प्रतियोगी छात्र एवं छात्राओं दोनों के लिया। प्रधानाचार्य द्वारा 8 फरवरी को पुरस्कार वितरण किया गया है। छात्रों में दीपक एवं छात्राओं में मीनू चैम्पियन घोषित हुई। ❑

❍ अध्यक्ष, क्रीड़ा परिषद्, ए.एन.कॉलेज, पटना

A REPORT ON NSS ACTIVITIES
2014-2015

सभी शक्ति तुममें विद्यमान है। तुम किसी भी चीज को कर सकते हो। विश्वास करो, कभी मत सोचो कि तुम कमजोर हो। उठो, जगो और तब तक मत रूको जब तक तुम्हारा लक्ष्य पूरा न हो जाये ।

– स्वामी विवेकानंद

डा.पूर्णिमा शेखर
डा.सुभाष प्रसाद सिंह

स्वामी विवेकानंद का नाम आते ही मन में श्रद्धा और स्फूर्ति दोनों का संचार होता है। श्रद्धा इसलिये, क्योंकि उन्होंने भारत के नैतिक एवं जीवन मूल्यों को विश्व के कोने–कोने तक पहुंचाया और स्फूर्ति इसलिये क्योंकि इन मूल्यों से जीवन को एक नई दिशा मिलती है।

Issues addressed

1. Sanitation
2. Opportunities for youth
3. Environmental issues in India
4. Gram Panchayat Governance
5. Malnutrition and gender inequality
6. Drug Abuse in India
7. Volunteer's role in Disaster Management
8. Stress management
9. Community participation and Social connectedness
10. Financial assistance for study and self employment
11. Government's support programme for rural India
12. Sex crime and Youth's role in its prevention
13. Volunteer's role in tackling societal challenges
14. Prospect for entrepreneurs in Bihar

FOCAL ACTIVITIES CONDUCTED

02.06.2014: *Involvement in Anugrah Jayanti Celebration*

15.08.2014: *Active Participation in Independence Day Celebration*

16.08.2014: *Survey and monitoring of Pension distribution in Patna district*

Survey and monitoring of Pension distribution in Patna district was assigned by the Deptt of Social Welfare, Govt of Bihar to NSS volunteers of A N College, Patna. 11 groups, each consisting of 2 active volunteers led by programme officer Dr Poornima Shekhar Singh and Dr Subhash Prasad Singh conducted the assigned work in most of the blocks (sample survey of max 3 Panchayat / ward in each block) of Patna district during 7th to 15th August 2014. The programme is being coordinated by A N Sinha Institute for Social Studies, Patna.

The following focal observations have been observed by the monitoring teams;

1. In most of the places, pension distribution was carried as per schedule.
2. In some of the places, place of distribution was shifted to somewhere else.
3. Distribution of pension was not carried as per schedule because of not getting fund from Bank on time in Madhua Machmilpur Panchayat under Paliganj Block. Even in Barunai Bathoi Panchat of Pandarak Block distribution of pension was not carried due to non-distribution of passbooks to pensioners.
4. Complaint of not getting pension on time in Barh Block / Nagar Parishad
5. Voice raised by pensioner to increase the amount of pension amount
6. Information concerning sanctioned number of Pensioners (male / female of General class, OBC, SC and ST) Yojnawise were not provided by the concerned BDO 's office. Only Fatua Block office cooperated in this regard.
7. In general sanctioned amount of the fund for miscellaneous pension schemes were not provided by the concerned staff engaged in distribution work.
8. Staff raised the issue of Security while bringing huge fund from Block to Panchayat.
9. Staff deputed for distribution of funds was not fully aware of new scheme in Karanja Panchayat of Noubatpur Block. Therefore, they were distributing funds for old scheme only.
10. Pension Account of Some aged persons of about 80-84 yrs were not yet opened (Example Sri Ram Sinhashan Prasad of Karanja Panchayat, Noubatpur Block). His application has not yet been entertained.

11 Mukhia Pati (Husband of Mukhia and his helpers were found taking alcohol on the distribution place. They were found asking bribe for payment of previous dues

and even for paying pansion of the current month in Ajwan Panchayat of Noubatpur Block.

12. There seems to have problems in pension distribution even in Belchi Block (specially in Belchi and Barah Panchayat) and in Masouri Block (specially Bhagwanganj and Nadaul Panchayat) mainly due to Mukhia.
13. A pensiones reported of fake thumb impression in his passbook. He was found requesting the authority for his pension amount in Punpun Panchayat of Punpun Block.
14. Many deserving candidates were found not included in the list.
15. People requested for special arrangement specially for Physically Challenged and Old persons. They face lots of problem in coming to the place of distribution to receive their pension.
16. Proper seating arrangement be made for pensioners at the place of distribution.
17. Pensioners complained of getting less amount whereas pension has been reported to be increased through Newspaper.
18. Pensioners in general requested the monitoring team (NSS volunteers) to visit all the time of pension distribution as they felt that working style of staff has been found healthy and friendly in the presence of mnitoring team.

Suggestions to coordinating Institute:

i. Proper awareness is required for pensioners.

ii. Trained staff be deputed for distribution of pension.

iii. Special arrangement be made for physically challenged and old persons to reach to the place of distribution.

iv. Proper seating arrangement be made for pensioners at the place of distribution.

v. Distribution of pension be avoided at Mukhia's residence.

vi. Proper action be taken against the person engaged in illigal means.

vii. Block office be instructed by concerned BDOs to provide information required.

vii. Mechanism be developed to inform pensioners for the date, place and amount of pension.

19.09.2014: Neem Plantation Drive Organized in the campus:

Plantation drive of NEEM Sapling was organized in the college premises by 50 NSS volunteers of A N College, Patna

in the forenoon of 21st September 2014 in the leadership of Program officers. The drive was witnessed by Professor Incharge of the college Prof Lalan Pd Singh. Prof Singh addressed the volunteers stating the enormous medicinal and environmental values of Neem plant and its constituents. All the volunteers adopted one plant with the sankalp of making its survival.

22.09.2014: *Capsule Course on Human Rights Attended by Volunteers:*

40 NSS volunteers of A N College participated in one day capsule course on Human Rights on 22.09.2014 at Patna Law College. This program was sponsored by Bihar Human Rights Commission, Patna in collaboration with Education Deptt, Govt of Bihar. Volunteers belonging to different Departments of UG and PG courses of the college got benefitted by the course attended.

11.10.2014: *Mass Cleanliness Programm Organized in College Campus*

एन0 एस0 एस0 इकाई के तत्वाधान में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो0 ललन सिंह के आह्वान पर परिसर में सामूहिक सफाई अभियान की शुरूआत की गई, जिसमें महाविद्यालय परिवार के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रो0 सिंह ने महाविद्यालय परिवार के सदस्यों को आत्मबोध कराने का प्रयास किया कि हमारा दायित्व केवल अपने को एवं महाविद्यालय परिसर को हीं स्वच्छ रखना नहीं बल्कि पड़ोस एवं समाज को भी स्वच्छ रखना है। स्चच्छता जीवन का एक महत्वपूर्ण

आयाम है, जिसमे स्वस्थ्य भारत की समृद्धि निहित है। महाविद्यालय के उप–प्रधानाचार्य डॉ0 पूर्णिमा शेखर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता सौंदर्य–बोध को जन्म देती है और मनुष्य को सृजनात्मक बनाती है। जरूरत है अपनी सोच को बदलने की जिससे हमारे कर्म बदलेंगे। अच्छे कर्म अच्छे प्रतिफल को जन्म देती है। पर्यावरण अपने पूर्वजों से नहीं लिया है बल्कि अग्रिम पीढीं से उधार लिया है। इसे सुरक्षित रखना हम सबों का कर्तव्य है। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ0 सुभाष प्रसाद सिंह ने भ साथी हाथ बढाना ....भ के नारे से उपस्थित वरीय शिक्षकों सेकार्यक्रम की शुरूआत परिसर स्थित बुद्ध पार्क से करने का अनुरोध किया।

इस अभियान में सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, छात्रसंघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव,एवं छात्र–छात्राओं ने अपनी सहभागिता दर्ज की।

31.10.2014: *Run For Unity:*

RUN FOR UNITY organized by NSS wings of A N College, Patna on 31.10.2014 to commemorate 135th birth anniversary of Sardar Ballabh Bhai Patel. It indeed provided an opportunity to re-affirm the inherent strength and resilience of our nation to withstand the actual and potential threats to the unity, integrity and security of our nation. A pledge ceremony was organized just before the run to start. 82 persons (59 men and 23 women) were involved in the run. Run for Unity started from College campus and ended at High court terminal. The program was initiated and concluded with the collective singing of the National Anthem.

17.11.2014: *Blood Donation Camp organized:*

दिनांक 17/11/2014 को स्थानीय ए0 एन0 कॉलेज, पटना के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं जयप्रभा मोडल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा0 ललन सिंह ने शिविर का उद्घाटन किया। एन. एस. एस के कार्यक्रम पदाधिकारी डा0 पूर्णिमा शेखर सिंह एवं डा0 सुभाष प्रसाद सिंह ने रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डाला। डा0 सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि रक्त एक जीवनदायिनी द्रव है। ऐसे द्रव का दान हीं वास्तव में महादान है। रक्तदान दाता के स्वास्थ्य के साथ–साथ स्वस्थ्य समाज एवं देश के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। ऐसी भावना स्वचरित्र के लिए सकारात्मकता की निशानी होती है। एन0एस0एस0 के स्वयंसेवी छात्र–छात्रओं ने महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए उत्प्रेरित किया। उक्त शिविर में कुल 61 लोगों ने रक्तदान किया। अनेक उत्सुक छात्र–छात्राएँ रक्तदान से वंचित हो गये क्योंकि वे चिकित्सीय दृष्टिकोण से शारीरिक स्वास्थ्य के मद्देनजर रक्तदान करने हेतु उपयुक्त नहीं थे। विद्यार्थियों में इस शिविर में भागीदारी हेतु उत्सुकता देखी गयी।

इस अवसर पर डा0 कामेश कुमार, डा0 नमिता सिंह, डा0 रामावतार सिंह, डा0 रेखा कुमारी, डा0 शैलेश कुमार सिंह एवं डा0 संजय कुमार सिंह, नीरज, सूरज, मयंक आदि मौजूद थे।

19.11.2014: *Seminar on "Role of youth in improving the governance system" organized:* A Seminar on "Role of youth in improving the governance system" was organized by NSS wings of the college in collaboration with Bihar Election Watch, Association of Democratic Reforms, Bihar and the Deptt. of Political Science of the college in college campus. Dr Razi Ahmad, Director, Gandhi Sangrahalaya, Patna, Dr Vinay Kanth, Patna University and Sri Manikant Thakur, a reputed Journalist were the focal speakers on the day. Dr Razi Ahmad said, "Youth should be sensitive towards the issues of the country. They need to overcome the dirty politics played in the society. He also asked them to pay special attention towards villages saying that without developing them the state cannot develop. NSS Program Officer cum Vice Principal Dr Purnima Shekhar Singh welcomed the guests and Dr Subhash P Singh proposed vote of thanks.

01.12.2014: *AIDS Day celebrated:*

Bihar State AIDS Control Board in collaboration with NSS wings of the colleges of Patna organized Run Positive. Volunteers of AN College, Patna actively participated in the Run Positive from Patna Women's College to Kargil Chownk, Patna. A quiz was also organized on the day at Chanakya Law College in which students of 10 different colleges took part in. A N College stuents ranked 2nd while CNLU students ranked 1st in the quiz. Deepak Jaiswal, Rohit, Alpana and Namrata took part in the quiz.

03.12.2014: *World Disable Day celebrated:*

A seminar on "Making the society friendly for disabled people" was organized in joint collaboration of NSS, A N College and Samarth Udaan Ki India Foundation. Hon'ble Justice Sri S N Jha was the chief guest and City SP Sri Sandeep Lande was the guest of Honour on this occasion. Speakers highlighted the need of making society friendly for physically challenged people.

12.01.2015: *Youth Day celebrated*

The birth day of Modern Religious Leader and Youth Icon of India 'Swami Vivekanand was celebrated at A N College Patna. A Speech competition on the topic "Indian Youth and Cleanliness Campaign" was organized by NSS wings of the college in the leadership of Programme Officer Dr Poornima Shekhar Singh and Dr Subhash Prasad Singh. 19 out of 87 students participated in the speech competition. They were judged by Dr Badri Narayan Singh, Dr K K Singh, Dr Rekha and Dr Arun Kumar Singh on the basis of their presentation, content and impact. Raju, Ashish, Niraj, Ravish, Abhisek, Faisal, Mehtab, Aman, Durga, Abhijit, Shravani, Kriti, Aakash, Vikrant, Ranjan, Rahul, Aashish II, Deepak Jaiswal and Neha expressed their views on the roles and responsibilities of today's youth with special focus on cleanliness campaign to make the society and the country as a whole clean. Today's youth seems to be directionless. They apply nano-mentality for the sake of gaining their own benefits. There is lack of self confidence and positive attitude said Deepak Kumar Jaiswal who won First prize. It is believed that cleanliness is next to godliness but it seems as if it is just a lip service, said an NSS volunteer Durga Kumari who stood second in the competition. There is lack of Role Model in our society. Our youth must take a positive lead for positive growth initiated by our country and on their own initiative. One needs to know the power within then only one can make a change. But those who are expected to make a change, they themselves are involved in dirty act, said Aashish who ranked 3rd in the competition. They need to peep through Swamiji's deeds whichare still relevant. Faisal received consolation prize who said that

तकदीर बदल सकती है, दुनिया बदल सकती है
गौर से जानो अपनी युवा शक्ति को,
तो हर कुरीतियाँ बदल सकती है।

Deepak conducted the proceedings and Durga proposed vote of thanks.

13.01.2015: *Training program on preservation and nutrition of Vegetables and Fruits organized:*

A week training program on preservation and nutrition of Vegetables and Fruits starting from 7th January organized by NSS in close in association with Mahila Adhar, was concluded. Participating students (Boys and Girls) enthusiastically took part in training program. They learnt how to make delicious and nutritious food from domestic items available at home. They also learnt how to preserve the food items. Dr Geeta Jain of Adhar Mahila with her team extended training program with easily and cheaply available things at home. A competition was organized among the trainees on the concluding day. Sunita Kumari Sadhna ranked 1st with her vegetable items prepared with cauliflowers' leaves, Ravi Ranjan stood 2nd with his laddoo of Methi, Amrita Singh took the3rd position with her nutritious ladoos whereas Anita, Chandra, Rakhi and Sandhya got consolation prizes with their cooked items. Altogether 52 students (32 Girls & 20 Boys) participated in the training and competition as well. All the participants received certificates authenticated by Nutrition Board, Govt of India.

22.03.2015 - 23.03.2015: *Blood Donation Camp organized during Bihar Divas*

Blood Donation Camp was organized by NSS wings in collaboration with Jai Prabha Hospital, PMCH and IGMS respectively on 22nd, 23rd and 24th March 2015 in Gandhi Maidan during Bihar Divas. 25 volunteers (!5 boys and 10 girls) actively participated in the camp for all the three days.

Regular activities are on. A week Special camp is proposed to be organized in adopted slum in the month of July 2015.

❑

World Diabetes Day

AWARENESS CAMPAIGN

Every 5 seconds 1 person develops diabetes, after every 10 seconds one person dies of diabetes and after each 30 seconds a limb is lost due to diabetes. Diabetes is on the raise in India because of cultural calamity in India since 20 years.

✍ Dr. Rekha Kumari

On the eve of International Diabetes day, which is on 14th of November, we had organized an awareness program in our College. The International Diabetes Federation and the World Health Organization in response to the alarming rise of diabetes around the world introduced global awareness campaign in 1991. Each year on 14th of November global awareness campaign regarding diabetes is held worldwide. The day itself marks the birthday of Frederick Banting who, along with Charles Best, first conceived the idea, which led to the discovery of insulin in 1922.

25 crore people are diabetic around the world. Out of these 4 crores are Indian. It has been estimated that if it continues at this pace by 2025 every 5th Indian would be a Diabetic.

It is very perplexing to know that in every 5 seconds 1 person develops diabetes, after every 10 seconds one person dies of diabetes and after each 30 seconds a limb is lost due to diabetes. Diabetes is on the raise in India

because of cultural calamity in India since 20 years. In India around 10% of our 120 crore population has Diabetes for every diagnosed Diabetic there are around 4 to 5 undiagnosed Diabetic or pre-Diabetics. ❑

❍ Associate Professor, Deptt. of Zoology, A.N.college, Patna

मंडुकासन के फायदे



- पेट में बन रही गैस की समस्या दूर होती है।
- पेट संबंधी समस्याएँ और अन्य विकारों को आसानी से दूर किया जा सकता है।
- रीढ़ की हड्डी मजबूत होती है।
- इस आसन से आपके पंजों को बल मिलता है आपके उछलने की क्षमता बढ़ जाती है यानी आप कुछ देर तक आराम से बिना थके लगातार उछल सकते हैं।
- इस आसन को करने से आपको शरीर में हल्कापन महसूस होगा और आप बहुत ही रिलैक्स महसूस करेंगे।
- शरीर में बढ़ रही अतिरिक्त चर्बी को दूर करने के लिए मंडुकासन बहुत लाभकारी है।

अनुग्रह साहित्य परिषद् (हिन्दी विभाग)

वार्षिक प्रतिवेदन

ए.एन. कॉलेज का स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग पूरे वर्ष 'अनुग्रह साहित्य परिषद' के तत्वावधान में अनेक साहित्यिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। इस क्रम में महत्वपूर्ण विषयों पर सेमिनार का आयोजन, कविता पाठ, निबंध लेखन,वाद विवाद प्रतियोगिता आदि शामिल है। प्रस्तुत है एक संक्षिप्त रिपोर्ट।

अध्यक्ष एवं प्राध्यापक
हिन्दी विभाग

अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, अपने उच्च स्तरीय शैक्षणिक परिदृश्य के कारण पूरे प्रदेश में अपना विशेष महत्व रखता है। इस महाविद्यालय का ध्येय छात्रों को न सिर्फ पाठ्यक्रम की शिक्षा देना है, अपितु उनके व्यक्तित्व का सर्वांगिण विकास करना है। हमारा प्रयास है कि उन्हें एक आदर्श नागरिक के रूप में विकसित कर सकें। इस वर्ष महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में अनेक शैक्षणिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन समय–समय पर होता रहा है।

स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग द्वारा वर्ष भर अनके साहित्यिक सांस्कृतिक, आयोजन किए गए जिसमें विभाग के छात्रों ने अहम भूमिका निभाई। इन आयोजनों का उद्देश्य छात्र/छात्राओं में अभिव्यक्ति कौशल का विकास, भाषण कला, निबंध लेखन कला में निपुण बनाना तथा सृजनात्मक कार्य के लिए प्रेरित करना था।

14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के अवसर पर भाषण कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसका विषय था– **'हिन्दी दिवस की प्रासंगिकता'**। महाविद्यालय के अन्य विभाग के छात्र/छात्राओं ने भी इसमें भाग लिया तथा निर्धारित विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. ललन सिंह ने छात्रों का उत्साह वर्धन किया। हिन्दी विभाग के प्राध्यापकों के अतिरिक्त कई अन्य विभाग के विद्वान प्राध्यापकों ने छात्रों को 'भाषण कला' के हुनर से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. कलानाथ मिश्र ने कहा कि हिन्दी ध्वन्यात्मक भाषा है अतः अभिव्यक्ति के क्रम में वक्ता का भाव भी ध्वनित होना चाहिए, अभिव्यक्ति की शैली चुस्त एवं स्पष्ट हो। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाषा–ज्ञान के द्वारा ही छात्र अपने व्यक्तित्व में निखार ला सकते हैं। प्रधानाचार्य डॉ. ललन सिंह ने कहा हिन्दी विभाग समय–समय पर ऐसे आयोजन करते रहता है, जिससे महाविद्यालय के छात्र काफी कुछ सिखते तथा लाभान्वित होते हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रख्यात साहित्यकार एवं पुस्ताकालय विज्ञान वेत्ता डॉ0 रामशोभित प्रसाद सिंह ने कहा कि भाषण तथ्यपरक होना चाहिए। विभाग के पूर्व अध्यक्ष डा. बद्री नारायण सिंह ने हिन्दी के विशिष्ट निबंधकारों का उद्धरण देते हुए निबंध लेखन कला व भाषण कला पर अपने महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए।

इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए पुनः अनुग्रह साहित्य परिषद् तथा बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी पखवारा समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष एवं बिहार के चर्चित साहित्यकार उपस्थित हुए। भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया तथा उन्हें प्रमाण–पत्र भी दिया गया।

23, सितम्बर, 2014 को **'दिनकर' जयंती** के अवसर पर हिन्दी विभाग के छात्रों द्वारा 'दिनकर' की कविता का पाठ किया गया। डॉ0 कलानाथ मिश्र ने दिनकर पर अपनी स्वरचित कविता 'किस विधि नमन करूँ मैं दिनकर' का सस्वर पाठ करते हुए सम्मेलन का शुभारंभ किया। डॉ. संजय सिंह ने दिनकर के ओज गुण पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए 'कुरूक्षेत्र' के कई प्रसंगों की चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन स्नातकोत्तर हिन्दी के छात्र अमित मिश्र ने किया। कार्यक्रम में शिवनंदन प्रसाद, सीमा कुमारी, चुनंन कुमारी,

अमरनाथ कुमार, लक्की राज, प्रीति यादव, मुन्ना कुमार, जुली कुमारी, शबीना खातून, रीना शर्मा, सन्नी, विकास मंडल, विकास कुमार, मृणाल आनंद, शत्रुध्न कुमार आदि ने दिनकर की कविता का पाठ किया।

15 अक्टूबर 2014 को हिन्दी विभाग ने **महाकवि सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'** की पुण्य तिथि मनायी गयी। छात्र–छात्राओं ने निराला की काव्य सौष्ठव पर विचार–विमर्श किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. कलानाथ मिश्र ने कहा– ''कविवर सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' हिन्दी के युगांतकारी कवि हैं उनकी कविता में नवजागरण का संदेश है, प्रगतिशील चेतना है तथा राष्ट्रीयता का स्वर विद्यमान है। डॉ. बद्री नारायण सिंह ने कहा अन्याय एवं असमानता के प्रति विद्रोह की भावना निराला में सर्वत्र विद्यमान है।' कार्यक्रम को डॉ. प्रतिभा सहाय, डॉ कृष्णा सिंह, डॉ. चंद्रकांता, डॉ. सोना सिंह आदि प्राध्यापकों ने भी संबांधित किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे निरंतर निराला की कविताओं का चिंतन–मनन करते रहें जिससे उनकी लेखनी में भी ध्वन्यात्मकता और विशिष्टता आ सके। छात्र–छात्राओं में अमित मिश्र, सीमा कुमारी, शिवनंदन प्रसाद, रीना शर्मा, विकास मंडल, सबीना खातून, सन्नी कुमार आदि ने निराला की कविता का पाठ कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की।

विद्यार्थियों के ज्ञान–कोष में उत्तरोत्तर वृद्धि की दृष्टि से विभाग में समय–समय पर संगोष्ठियों का आयोजन किया जाता रहा।

27, नवम्बर को **हरिवंश राय बच्चन की जयंती** मनाई गयी। जयंती के अवसर पर छात्र–छात्राओं तथा शिक्षक–शिक्षिकाओं ने बच्चन जी की कविता का पाठ कर उन्हें याद किया।

कविता समारोह का शुभारंभ हिन्दी विभाग के वरिष्ठ प्रध्यापक डॉ0 बद्रीनाथ नारायण सिंह ने की। सभा की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचाय्र डॉ0 ललन सिंह ने की। रसायनशास्त्र विभाग के विद्वान प्रोफेसर डॉ0 के.के. सिंह ने कहा– 'हिन्दी विभाग में जिस प्रकार की जागरूकता फैली है, उसके लिए हिन्दी विभाग के अध्यक्ष, शिक्षक और छात्र प्रशंसनीय हैं। हिन्दी के वर्तमान सत्र के विद्यार्थी अत्यंत सक्रिय और उर्जावान है। डॉ. संजय सिंह ने कहा– ''महाविद्यालयों के हिन्दी पाठ्यक्रमों में बच्चन जी की कविता का अभाव दुर्भाग्यपूर्ण है।'' कविता समारोह में हिन्दी की डॉ. कृष्णा सिंह, समाज शास्त्र के डॉ. अजय कुमार झा, आदि गणमान्य शिक्षण उपस्थित थें।

कविगोष्ठी का संचालन स्नातकोत्तर हिन्दी के छात्र अमित मिश्र ने किया। इस अवसर पर सीमा कुमारी, शिवनंदन प्रसाद, अमरनाथ, प्रीति यादव, विकास मंडल, चुनंन कुमारी, मुन्ना कुमार, नेहा कुमारी, सेतु कुमार, शशिकांत, मनीष कुमार आदि ने हरिवंश राय 'बच्चन' की कविता का पाठ किया। सभा में हिन्दी विभाग के अन्य छात्र–छात्राएं भी उपस्थित थीं। इस गोष्ठी के माध्यम से शिक्षकों ने बच्चन जी के जीवन एवं साहित्य के अनेक पहलुओं से छात्रों को अवगत कराया।

हिन्दी वरिष्ठ लेखिका **डॉ. उषाकिरण खान** पद्मश्री से सम्मानित होने वाली बिहार की प्रथम महिला साहित्यकार हैं। दिनांक 5, फरवरी 2015 को स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग में उनका अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अनेक प्रसिद्ध साहित्यकार उपस्थित हुए। कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए प्रसिद्ध साहित्यकार एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. कलानाथ मिश्र ने उषाकिरण खान के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. खान की रचनाओं में मिथिला की सामाजिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक परिवेश का सुन्दर चित्रण हुआ है। समारोह का शुभारंभ डॉ. प्रतिभा सहाय के द्वारा प्रस्तुत सरस्वती

वंदना से हुआ। हिन्दी स्नातकोत्तर की छात्रा लक्की राज और रंजीता ने कॉलेज प्रार्थना का गायन किया। स्वागत भाषण हिन्दी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. बद्रीनारायण सिंह ने दिया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. रामवचन राय ने छात्रों से कहा– ''ज्ञान के लिए सिर्फ सूचना अर्जित न करें, सूचना के अंदर प्रवेश कर ज्ञान को बढ़ाएं। लगातार सीखने का सिलसिला जारी रखें।'' अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. ललन सिंह ने साहित्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा– ''यदि हम साहित्य को भूलेंगे, तो हमारी संस्कृति व सभ्यता सब समाप्त हो जाएगी। युवाओं को लिखने की आदत डालनी चाहिए। लिखने के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है। बस आपके आस–पास ही बहुत सारे विषय मौजूद हैं। आप अपने विचारों और भावनाओं को लिपिबद्ध करें। यही आगे चलकर विशिष्ट साहित्य बन जाएगा।'' प्रसिद्ध पुस्तकालय विज्ञानी डॉ0 रामशोभित प्र0 सिंह ने कहा– ''डॉ. खान की रचाधर्मिता तथा परिवेश आंचलिक हैं और उसमें मिथिला की मिट्टी का गंध है।''

इसके अलावे डॉ0 चन्द्रकान्ता कुमारी, डॉ. के0के0 सिंह, डॉ. शैलेन्द्र कुमार, डॉ0 विमल प्रसाद सिंह, डॉ0 शैलेन्द्र मिश्र, डॉ0 बबन सिंह, डॉ0 संजय सिंह आदि महाविद्यालय के अनेक शिक्षकों ने भी अपने कुशल वक्तव्य से कार्यक्रम को सफल बनाया। छात्रों की ओर से अमित मिश्र ने अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन हिन्दी विभाग की शिक्षिका डॉ0 कृष्णा सिंह ने किया। आयोजन में अर्चना त्रिपाठी, बिम्मी रानी, करूणा पीटर, उमेश प्रसाद, अनीता कुमारी, कुमकुम, दीप्ति, मीरा सिन्हा, चुनंन कुमारी, अमरनाथ, खूशबू कुमारी, सीमा कुमारी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

बिहार की उर्वर मिट्टी से जन्म लेकर अनेक साहित्यकारों ने हिन्दी साहित्य की समृद्धि में योगदान दिए हैं, उन्हीं में एक लब्ध प्रतिष्ठ साहित्यकार हुए हैं – स्वर्गीय **केदारनाथ मिश्र प्रभात**। 11 सितम्बर 2014 को उनका 108 वाँ जयंती था। इस अवसर पर प्रभात शोध संस्थान एवं अनुग्रह साहित्य परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में प्रभात जयंती मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शिववंश पाण्डेय, पटना विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के पूर्व प्रोफेसर डा. शैलेश्वर सती प्रसाद, बिहार विश्वविद्यालय के डॉ. नंदकिशोर नंदन, पूर्व प्रति कुलपति बलवीर सिंह भसीन, हिन्दी के जाने माने विद्वान और बिहार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. अमरनाथ सिन्हा सहित विख्यात कवि सत्यनारायण एवं पटना विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ0 बलराम तिवारी उपस्थित हुए। डॉ0 कलानाथ मिश्र ने अतिथियों का स्वागत करते हुए 'प्रभात' साहित्य से छात्र/छात्राओं को परिचत कराया। डॉ0 बद्रीनारायण सिंह ने कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए महाकवि प्रभात की कविताओं पर प्रकाश डाला।

दिनांक 30 अप्रैल 2015 को डॉ. जियालाल आर्य की पुस्तक'यात्रा के तीर्थ का लोकार्पण अनुग्रह साहित्य परिषद के द्वारा किया गया। इस बहाने यात्रा वृतांत की विधा पर चर्चा हुई। समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. ललन सिंह ने की तथा न्यायमूर्ति राजेन्द्र प्रसाद मुख्य वक्ता के रूप में अपना विद्वता पूर्ण व्याख्यान दिया। समारोह में बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी के पूर्व निदेशक एवं पटना वि. के प्राध्यापक डॉ. अमर कुमार सिंह, नईधारा के संपादक डॉ. शिवनारायण, भारतीय भाषा परिषद के अध्यक्ष डॉ. नृपेन्द्रनाथ गुप्त, जे.पी. मिश्र, बलभद्र कल्याण सहित बिहार के जानेमाने शिक्षाविद तथा साहित्यकार उपस्थित हुए।

कॉलेज का हिन्दी विभाग प्राक शोध अध्ययन का केन्द्र बना। शोध अध्येंताओं के लिए भी सेमिनारा आयोजित किए गए। हिन्दी में शोध की प्रक्रिया और शोध संभावनाओं पर भी कार्यशाला का आयोजन किया गया। शोध प्रविधि पर कॉलेज के व्यापार प्रबंधन(एम. बी.ए.) के निदेशक डा. कामेश कुमार, समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार, राजनीति शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. बिमल प्रसाद सिंह ने अपना महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया।

इस प्रकार ए.एन. कॉलेज की साहित्यिक संस्था अनुग्रह साहित्य परिषद, हिन्दी विभाग ने पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर कॉलेज की शैक्षिक सांस्कृतिक गतिविधियों में अपने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया।

❑

तस्वीरों के आइने में

WINNER
RUNNER

FRESHERS DAY CELEBRATION & FAREWELL TO SENIORS
A.N. COLLEGE, PATNA

A.N. COLLEGE,
and
By

A.N. COLLEGE, PA

कविवर केदारनाथ मिश्र 'प्रभ
108 वां जयंती
दिनांक – 11 सितम्बर
आयोजक : प्रभात साहित्य शोध
अनुग्रह साहित्य परिषद् (स्नातकोत्तर हि

अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना

SEMINAR ON
National Election Watch
ADR
प्रजा ही प्रभु है।

बाएं से डा. कलानाथ मिश्र, डा. के.के.सिंह, प्राचार्य डा. लखन सिंह एवं पत्रकार श्री चंद्रशेखरम

खबरों की सुर्खियाँ

'लेखन के लिए मन में भाव...

एएन कॉलेज में सम्मानित हुईं उषा किरण खां

एएन कॉलेज

प्रशासनिक भवन तैयार, 18 जून को होगा उद्घाटन

करीब 7000 हजार वर्गफुट में तीन मंजिला भवन

मनोहर सिंह | पटना
@123manohar

एएन कॉलेज का प्रशासनिक भवन तैयार हो गया है। इसका उद्घाटन 18 जून को होगा। करीब 7000 हजार वर्गफुट में तीन मंजिला भवन बना है। 1 करोड़ 59 लाख की लागत 40 कमरे बनाए गए हैं। ग्राउंड फ्लोर पर 12 काउंटर एवं पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पहले तल्ले पर प्रिंसिपल चैंबर के साथ मीटिंग हॉल है। प्रॉक्टर का केबिन भी बनाया गया है। भवन का शिलान्यास तत्कालीन राज्यपाल देवानंद कुंवर एवं मगध विवि के तत्कालीन कुलपति अरविंद कुमार ने 9 जनवरी 2011 को किया था।

विद्यार्थियों को सुविधा क्या

प्रशासनिक भवन बन जाने से विद्यार्थियों को फार्म खरीदने एवं जमा करने के लिए लगने वाली लंबी कतार से मुक्ति मिलेगी। ... प्रिंसिपल चैंबर के पास मीटिंग हॉल होने से विद्यार्थियों को इधर-उधर खड़ा नहीं होना पड़ेगा।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ललन सिंह ने बताया की डॉ. अनुग्रह नारायण सिन्हा की जयंती पर भवन का उद्घाटन होगा। ...

1951 में विंस्टन चर्चिल दोबारा ब्रिटेन के प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए थे।

फ्रेशर पार्टी

A.N. COLLEGE

FRESHERS DAY CELEBRATION

A.N. COLLEGE

DEPARTMENT OF BUSINESS ADMINISTRATION

Are you the star in this photograph? Congratulations if you find yourself circled! You have won yourself a food voucher from Sanjeev Kapoor's the yellow chilli Restaurant & Banquet. To collect your prize, drop in an email to us at ...
Catch our lensman around you and get lucky

the yellow chilli

...KERS TO EXPOSE BJP AS IT ... DURING LS ELECTION | 4

बेहतर प्रबंधन व कौशल ही सफलता का राज

साक्षी मोहन मिस्टर व शिवि बनीं मिस फ्रेशर

जागरण संवाददाता, पटना : 'देसी गर्ल विदेशी गर्ल', 'बदतमीज दिल माने ना माने ना', जैसे फिल्मी गानों की धुन पर एएन कॉलेज के सीनियर एवं जूनियर छात्रों ने जमकर डांस किया। मौका था, मंगलवार को कॉलेज परिसर में एमबीए छात्रों के लिए आयोजित फ्रेशर्स पार्टी का। इस मौके पर सीनियर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। ड्रामा, डांस व क्विज में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर एमबीए नये बैच के छात्र साक्षी मोहन सिन्हा को मिस्टर एवं शिवि को मिस फ्रेशर का खिताब मिला। वहीं, मिस्टर पर्सनालिटी मो. आफताब आलम और स्वेता को मिस पर्सनालिटी चुना गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डा. हरिहर सिंह ने किया। ...

Mast mastam

PATNA, SATURDAY, 6/9/2014

छात्रों ने शिक्षकों के सम्मान में किया कार्यक्रम

एएन कॉलेज के हिंदी स्नातकोत्तर विभाग में शिक्षक दिवस ...

फ्रेशर्स पार्टी में सीनियर-जूनियर साथ झूमे

विशाखा मिस, अभय बने मिस्टर फ्रेशर्स

डीबी स्टार » पटना

एएन कॉलेज में शुक्रवार को एमबीए के विद्यार्थियों ने फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया। ...

खबरों की सूर्खियाँ

Much Masti at ANC fresh...

PATNA: New entrants to the MBA course of AN College received the red carpet treatment here on Friday when their seniors threw a Fresher's Day party for them.

AN College students having fun at the fresher's party on Friday.

मैं तो सिर्फ बिहार को ही जानती हूं

अभिनंदन

'बाय' सीनियर्स, 'हैलो' जूनियर्स

एएन कॉलेज में सीनियर्स की विदाई, जूनियर्स को मिला वार्म वेलकम

मिस व मिस्टर

Fresh dhamaal

सीनियर्स ने जब जूनियर का ...

भाषा कभी भी किसी के लिए बाधा नहीं बनती

पद्मश्री पाने वाली उषा बिहार की पहली महिला साहित्यकार

पटना। विधान पार्षद डॉ रामवचन राय ने कहा कि डॉ उषा किरण खान ... में हैं। उन्होंने ये बातें एएन कॉलेज में आयोजित लेखिका डॉ उषा किरण ... में कही। डॉ राय ने कहा कि उषा जी मेरी सहपाठिनी रही हैं। ये ... वाली बिहार की पहली प्रथम महिला साहित्यकार हैं। इनकी ... उतरती है। इनकी रचना में वहीं श्रेष्ठ होता है जो ... कार डॉ रामशोभित प्रसाद सिंह ने कहा ... मिथिला की मिट्टी का गंध है। इनके ... उपन्यास वाणभट्ट की आ... से कहा कि वे ...

एएन कॉलेज में चला स्वच्छता अभियान

एएन कॉलेज में हुआ कविता का पाठ

पटना। ए एन कॉलेज पटना में मंगलवार को दिनकर जयंती पर छात्रों ने राष्ट्रकवि दिनकर की कविताओं का पाठ किया। हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ कलानाथ मिश्रा ने अपनी स्वरचित रचना 'किस विधि नमन करूं मैं दिनकर' का पाठ कर छात्र कवि सम्मेलन की शुरुआत की। डॉ. संजय सिंह ने दिनकर के ओज गुण की चर्चा करते हुए कविता पथ करने की कला पर ... विभाग के छात्र अमित मिश्रा ने किया। उन्होंने स्वयं भी दिनकर की चांद और कवि कविता का पाठ किया इस अवसर पर शिवनंदन ने कुरुक्षेत्र से भीष्म संवाद का पाठ कर समा बांधा। छात्रों में चुन्नन कुमारी, अमरनाथ, सीमा कुमारी, लक्कीई राज, प्रीति, मुन्ना कुमार, जूली कुमारी, सबीना, रीना, ... विकास, ... अपना सम्मान अर्पित किया।

एहसास और सपने

सब उलझे हैं अपनी निजता में
फर्क किसे क्या पड़ता है।
सपने अनगिनत लाई थी
आँखों में संजोकर सतरंगी
कब बिखर गए एहसास नहीं
जीवन तो फिर भी चलता है।
सब उलझे हैं अपनी निजता में
फर्क किसे क्या पड़ता है।
जो फूल है मेरे बगिया में
जिसे देख दिन–रात जीता हूँ
सींचा है इसे मानवता के लिए
लौलुप्ता में कहीं खो न जाए।
सब उलझे हैं अपनी निजता में
फर्क किसे क्या पड़ता है।
एहसास कभी जब होता है
सतरंगी चंचल दुनिया की
मैं आँखें बंद कर लेती हूँ
ये खींच न ले अपने बस में।
सब उलझे हैं अपनी निजता में
फर्क किसे क्या पड़ता है
माया महाठगिनी हमने जाने
चित्त चंचल किया इसने
यथार्थ की नश्वर भूमि पर
रहना है तटबथ सदैव मुझे।
सब उलझे हैं अपनी निजता में
फर्क किसे क्या पड़ता है
जीना है मानवता के लिए
दबा गया हूँ इस एहसानर तले
काम अगर आ जाऊ,
सार्थक जीवन हो जाए।
सब उलझे हैं अपनी निजता में
फर्क किसे क्या पड़ता है
मुझे खुद समझ नहीं आता है
मंजूर है क्या नियती को
करना है प्रयास फिर भी
निर्मल निश्चल, मानवता के लिए

✍ चुन्न कुमारी
स्नातकोत्तर, हिन्दी

जीवन चक्र

जीवन–चक्र की अबाध गति में
कुछ सपने जो टूट गये
कुछ लोग जो छूट गये
कुछ बातें जो अनकटी रह गयीं
कुछ किस्से जो अनसुने रह गये,
जाने जीवन चक्र में फिर कहाँ मिले
कभी निराशा बन कर आयी
कभी आशा की किरण बनकर
शून्य–सी होती जिंदगी में
खुशी की प्रतिध्वनि लेकर
यूँ ही चलता यह जीवन–चक्र
जाने–अनजाने चेहरे अब तो
स्मृति का एक गुलदस्ता बन गये
जो ये कभी अपने
बेगाने से हो गये
जाने जीवन–चक्र में फिर कहाँ मिले।
फिर भी, जीवन है, जीने का नाम
अबाध, अपलक चलना इसका काम
खुशी और गम हैं इसके दो पहलू
सोंचा क्यूँ न बात ये फिर से कह लूँ
जीवन जीने में ही निहित हैं, सारे तीर्थ सारे धाम।
जीवन चलने का नाम

✍ प्रीति प्रिया
एम.ए.द्वितीय सेमेस्टर, अंग्रेजी विभाग

शिक्षा : आधुनिक संदर्भ और ए.एन. कॉलेज

ए0एन0 कॉलेज में शिक्षा का वह परिदृश्य है जिसमें विद्यार्थी अपने प्राध्यापक के आदर्श को प्रज्वलित करने के प्रति परिदृढ़ हैं। ऐसे कितने ही उच्चतम गुणों के कारण हमारा महाविद्यालय नैक द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करता है।

शिवनन्दन प्रसाद

भारत, जो कभी शिक्षा के स्तर पर दुनिया का मार्गदर्शक था, आज दयनीय स्थिति में है। भारत में शिक्षा एक सोच थी। इसका सूत्र वाक्य था–

विद्या ददाति विनयम्, विनयम ददाति पात्रताम
पात्रताम धनाप्नोति, धनात् धर्म ततः सुखम।।

आधुनिक परिदृश्य में शिक्षा का संबंध बाजारवाद से हो चुका है। आमतौर पर शिक्षा लेना और देना दोनों व्यापार बन गया है। आज किसी प्रकार से डिग्रियाँ प्राप्त कर धन कमाने की होड़ लगी है। बिहार और यूपी जैसे राज्यों में यह होड़ इतनी तीव्र है कि बच्चे के विद्यालय न जाने पर अभिभावक खुद शिक्षक को विवश करते हैं कि उसकी उपस्थिति बना दी जाए, ताकि छात्रवृति मिल सके, फार्म भरा सके बगैरह–बगैरह। इस होड़ में बात यहीं नहीं रूकती, अभिभावक बच्चे को पास कराने का ठीका भी ले लेते हैं और परीक्षा के दौरान पहुँच जाते हैं विश्विद्यालय और कॉलेजों के सेंटर पर चोरी कराने के लिए। विगत कई वर्षों से यह स्थिति जारी है जिसमें सरकार, समाज, शिक्षक, अभिभावक सभी दोषी हैं। यह स्थिति पूरे सिस्टम पर लागू होती है। आज आधे–अधूरे ज्ञान के बावजूद केवल डिग्रियाँ दिखाकर लोग सेटल होने के प्रयास में लगे हैं। हमारी सरकार भी बेरोजगारी मिटाने के अभियान में बगैर सिस्टम को सुधारे डिग्रियों को प्राथमिकता दे रही है। सरकार के द्वारा बहाल की गयी नियोजित शिक्षकों में कई शिक्षक ऐसे हैं जिन्हें शुद्ध लिखना और पढ़ना नहीं आता। ऐसे शिक्षक भारत के भविष्य को किस रूप में परिभाषित करेंगे यह विचारणीय प्रश्न है और जो शिक्षक पूरी तरह योग्य हैं उन्हें भी उचित सुविधा और साधन नहीं मिल रहा है। परिणामतः वे वेतनमान या वेतनवृद्धि के लिए शिक्षण संस्थान को बंद कराते नजर आते हैं।

आज हमारे यहाँ शिक्षा की स्थिति ये हो गयी है कि 'मिकेंजी' जैसी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ संस्था 40 फीसदी ग्रेजुएटस को नौकरी के योग्य नहीं समझती है। कैरियर बिल्डर जैसी संस्था ने जब 400 कंपनियों का सर्वे कराया तो पाया कि हर चौथी कंपनी ग्रेजुएटस की क्षमताओं से असंतुष्ट है। हाल में जब दुनिया में शिक्षण संस्थाओं की रैकिंग हुई तो पाया गया कि उसमें एक भी भारतीय संस्था का नाम नहीं है। यह सचमुच चिन्तनीय विषय है कि भारत जिसका अतीत बौद्धिक रहा है वहाँ एक भी विश्विद्यालय ऐसा नहीं है जिसे विश्व स्तर पर रेखांकित किया जा सके। इससे भी दयनीय स्थिति महाविद्यालय की है। वर्तमान में बहुत से महाविद्यालय की

प्राथमिकता जहाँ डिग्रियों तक सीमित है एक में 'अनुग्रह नारायण महाविद्यालय' एक अपवाद है। एक कहावत है– 'बिना कॉलेज का नॉलेज नहीं होता।' शायद इसलिए कि कॉलेज हमें केवल किताबी कीड़ा नहीं बनाता बल्कि हमारे व्यक्तित्व विकास में निखार लाता है। इस तथ्य पर ए0एन0 कॉलेज खड़ा उतरता है। यहाँ समय–समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और संगोष्ठी का आयोजन किया जाना विद्यार्थियों के विकास में महती भूमिका निभाता है। इन कार्यक्रमों में प्रमुख सहभागिता विद्यार्थियों की होती है जिसमें प्राध्यापक माध्यम होते हैं। यहाँ के छात्रनेताओं ने भी अन्य महाविद्यालय के छात्रनेताओं की तुलना में अपनी दिलचस्पी विद्यार्थियों के हित के अलावे सांस्कृतिक कार्यक्रमों अथवा आयोजनों को सफल बनाने में लगाते हैं। यहाँ के प्राध्यापक, विभागाध्यक्ष अथवा प्राचार्य सभी विद्यार्थियों में भी एक समर्पण की भावना दिखती है।

ए0एन0 कॉलेज में शिक्षा का वह परिदृश्य है जिसमें विद्यार्थी अपने प्राध्यापक के आदर्श को प्रज्वलित करने के प्रति दृढ़ हैं। ऐसे कितने ही उच्चतम गुणों के कारण हमारा महाविद्यालय नैक द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करता है।

❍ स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग, ए.एन.कॉलेज, पटना

❍ आज का आविष्कार कल का साहित्य है।
माखनलाल चतुर्वेदी।

❍ हिंदी विश्व की महान भाषा है।
राहुल सांत्यायन।

एहसास

कहाँ गया वो चिड़ियों का चहचहाना,
कहाँ गया वो बच्चों का खिलखिलाना।
घर के आँगन में गौड़यों के घोंसलें,
कहीं खो से गये हैं।
रिश्तों की क्या बात करें,
अपनी मर्यादा खो रहे हैं।
प्रेम की बात तो दूर,
बैर के भी अपने तेवर बदल रहे हैं।
माँ–बाप दो टापू हो गये हैं,
कलह इतनी की दोनों जुदा से हो गये हैं।
जुबान की क्या बात करें,
आज बोल! कल मुकर रहे हैं।
नोटों के साथ हर रिश्ता उछल रहा है,
भाई–भाई भी आज जल रहा है।
धर्म के भी अपने रंग हो गये हैं,
कभी राम तो कभी रहीम संग हो गये हैं।
माँ–बेटी की दुरियां बढ़ रही है,
दिल की बात दिलों में दफन हो रही है।
हैवानियत की हद बढ़ गयी है,
अबोध बच्चों की जींदगी नरक हो गयी है।
उठ गया है भरोसा जीने का,
हर तरफ मौत का तांडव हो रहा है।
दो पैसों की भी जींदगी अब न रही,
अब हर बात पर बन्दुकें उठ रही हैं।
आत्महत्या सहज तरीका हो गया है,
जीवन में निरासा का आडम्बर हो गया है।
खुशियाँ क्या है लोग भूल रहे हैं।
दुखः में जीवन ढूंढ़ रहे हैं।
बाते तो कुछ और भी हैं
बस एक एहसास में जी रहे हैं।
बस एक एहसास में जी रहे हैं.....।

अमरनाथ
स्नातकोत्तर, हिन्दी

सजग ही मानव

धरा क्यों चितकार करती
व्योम में कैसा ये हलचल
क्रुद्ध बात क्यों आशियाँ उजाड़ रहा
जनजीवन हो उठा विह्वल।

पारावर की तरंगे आसमां छू रही
शैल से निकला पावक प्रचंड रूप
किस अनिष्ट का संकेत दे रही।

पंचतत्व का यह कैसा शेष
भीषण प्रलय का यह निघोष
सृष्टि की यह धीमी ललकार
प्रकृति की न करें छेड़छाड़।

क्यों हम द्रुमदल की आशियाँ छिन
अपनी आशियाँ बसा रहें
खुद की संख्या बढ़ा
उनकी संख्या घटा रहे।

धरती की उर्वरा में
क्यों जहर मिला दिया
शस्य श्यामल आँचल का दूध
डब्बे का बना दिया।

क्यों हमने नदियों को
कर दिया दूषित
क्यों नीर के हृदय का
पीर बढ़ा दिया।

ये अधिकाधिक वाहनों का प्रयोग
कल कारखाने और उद्योग
समीर की सौंधी गंध को
निर्गंध किए जा रहे हैं।

क्यों हम आशनि से
अपने कर काट
अपंग लिए जा रहे हैं।

विकास कुमार
रौल नं. – 16

श्रद्धांजलि

आतंकवाद कितना बर्बर हो सकता है
यह जान सके हैं हम
जब मारे गये तालिबानी हमले में
पेशावर के एक सौ बतीस स्कूली बच्चे और कुछ लोग
मजहब के नाम पर गुमराह लोगों की करतूत
और मजहब की गलत व्याख्या में
शहीद निर्दोष मासूम
मुस्कुराने से पहले जिनके होठ कत्ल कर दिये गये
फूल खिलने से पहले कुचल दिये गये
और मजबूत होने से पहले हीं देश टुकड़ों में बिखर गया
मासूमों के रक्त से लिखा गया
इतिहास का सबसे दर्दनाक पृष्ठ
किन शब्दों में दूँ बच्चों तुम्हें श्रद्धांजलि
क्या लज्जा करें हम स्त्रियाँ अपनी कोख पर
कि जन्म देकर नहीं कर सकी रक्षा तुम्हारी
या फिर लज्जा करें हम इसलिए
कि वे आतंकवादी भी पैदा हुए हमारी कोख से
आर्तनाद कर रही हमारी आत्मायें
जो भी हो रहा है
अशिक्षा ही कारण है इसका
आज हम मातायें संकल्प लेती हैं
कि मजहब की लड़ाई खतम करने के लिए
शिक्षा की मशाल जलायेगें
आतंकवाद का सही अर्थ उन्हें समझायेंगे
हे मासूम बच्चों।
यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी
शांति–शांति।

✍ डा.कृष्णा सिंह

❍ एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, ए.एन.कॉलेज, पटना

SHOUTING SILENCES

Shouting silence everywhere
Not a single soul to care
Emptiness surrounds the world
A void engulfs us to the core

There is no streak of happiness
Dreams shattered, melancholy arrests our soul
Destined to dive in this maddening depth
Disdained and damned, Survival our only goal

I'm wondering why such state
Each one of us clinging to our fate
The world seems like an entrapment
Of broken promises, of closed gates

I'm still searching for solace
Alas! I find no such place
At times, I want to guit
But my heart says, its just another bit.

✍ Preety Priya

❑ M.A. (Previ.) IInd Sem. Dept. of English

संगति सुमति न पावहीं

एक बार एक सैनिक घोड़े पर सवार होकर शिकार के लिए जा रहा था। रास्ते में डाकुओं की एक बस्ती पड़ी। एक घर के दरवाजे के बाहर लटके पिंजरे में बैठा तोता चिल्ला उठा– ''भागो, पकड़ लो इसे, मार डालो। इसका घोड़ा और माल छीन लो।''

तोते की आवाज से सतर्क हो सिपाही ने घोड़ा दौड़ा दिया और घने जंगल में रहनेवाले साधु की कुटिया के पास पहुँच गया। इस कुटिया के बाहर भी एक पिंजरा लटका था। पिंजरे में बैठे तोते ने कहा– ''आओ भाई, थक गए हो, विश्राम करो, तुम्हारा स्वागत है।''

यह वाआज सुनकर साधु अपनी कुटिया से बाहर आए और उस थके हुए सिपाही की अगवानी की।

सिपाही ने पूछा– ''महाराज, एक सवाल है। क्या आप उसका जवाब दे सकेंगे? अभी मैं थोड़ी देर पहले डाकुओं की बस्ती से गुजरा तो वहाँ के तोते ने मुझे पकड़ने और लूटने की बात कही, परंतु आपकी कुटिया के तोते ने मेरा स्वागत किया। महाराज, एक ही जाति के दो परिंदों में यह फर्क कैसा?''

यह सुनकर साधु का तोता बोला– ''मैं साधुओं की वाणी सुनता हूँ, वह तोता डाकुओं की बात सुनता है। न उसमें कोई बुराई है, न मेरे में कोई अच्छाई। अच्छी या बुरी संगत से ही गुण या दोष पैदा होते हैं!''

इन्सानियत का वजूद

इन्सानियत का यारों,
वजूद मिट रहा है,
इंसान ही इंसान का,
दुश्मन बना हुआ है।
इन्सानियत..... मिट रहा है।
हर रोज चारों ओर,
कत्लेआम हो रहा है,
ऐशोआराम की खातिर,
लहू भी बिक रहा है।
सब चाहते हैं अपना,
दबदबा जमाना,
मतलबी के इस दौड़ में
हर कोई चल रहा है।
इन्सानियत..... मिट रहा है।
तहजीब और ईमान की,
अब बात मत करो,
हर रिश्ता इन्सान का
बिकाऊ हो गया है।
इन्सानियत..... मिट रहा है।
कहते हैं हम सभी
विकसित हो गये हैं,
उन्नति के नाम पर,
ये क्या हम कर रहे हैं।
बच्चे वे मासूम से,
फूलों की कलियाँ,
महकती है जिनसे,
जिन्दगी की गलियाँ।
हैवानियत की हद
यहाँ तक पहुँच गई,
मासूमियत की किलकारियाँ,
सिसकियों में बदल गई,
हर जीवन में सबसे खुदगर्ज,
आदमी बन गया है।
इन्सानियत..... मिट रहा है।
जिहाद के भी नाम पर,
सब व्यापार कर रहे हैं,
मजहब के ईल्म रूह को,
दर किनार कर रहे हैं।
हिन्दू हो या मुस्लिम,
सिक्ख या ईसाई,
हर कोई इस जहाँ में,
खुद में समा गया है।
इन्सानियत..... मिट रहा है।
अल्लाह हो या ईश्वर से,
यही फरियाद कर रही हूँ,
भर दें इस जहाँ को,
शुकुन ओ अमन से,
आज भी हर सच्चा
इन्सान कह रहा है।
इन्सानियत... मिट रहा है।

✍ **खुशबू कुमारी**
स्नातकोत्तर, हिन्दी

कवि

भूखी जनता जब रात में बेचैन हो
छटपटाती, कराहती आह भरती है।
उस समय यामिनी की निस्तबधता के बीच
उस बेवसी को महसूस करता है कवि।
देश, समाज की रक्षा का जिनके कंधों
पर है जिम्मेवारी,
वही लगते हैं बेचने जब देश को।
प्रजातंत्र के नाम पर, प्रजा को
मूर्ख बनाते हैं जब राजनीति के दलाल,
तब जनता को उसके अधिकार स्मरण
करता है कवि।
मानवों के खंडित अंग को
जोड़ने का काम करता है चिकित्सक।
लेकिन खंडित होता है जब हृदय
प्रेम से उसको सहला,
''तुमुल कोलाहल कलह में
मैं हृदय की बात रे मन''–
कहता हुआ 'प्रसाद' बन प्रकट होता है कवि।
अत्याचार होता जब किसी मजलूम पर,
अधिकारों से वंचित किसी वर्ण को
घेरने लगता है विषमता का नैशांधकार
तब तिमिर को दूर कर,
फैलाने को नयी जहाँ में रौशनी
'दिनकर' बन उदित होता है कवि।
मजदूर, गरीब, किसानों पर
पूंजी पत्तियों का बढ़ता जब जुर्म है।
बेबस तड़पते लोगों को रहती क्रांति का इंतेजार,
तब बादलों को हांक लगाता,
क्रांतिदूत बनकर आता है कोई 'निराला' कवि।
धर्म के नाम पर मचता है जब लूट–पाट
रिश्ते सभी हो जाते हैं बे–बुनियाद।
ऊँच–नीच का बनने लगता जब गहरी खाई
अनैतिक मूल्यों की होने लगती है बड़ाई।
तब मर्यादा को राम का रूप दे
समन्वय की कलम पकड़, उच्चादर्शो की स्याही बना
'तुलसी' पत्र पर मानव–मूल्यों की प्रतिष्ठा करता है कवि।
मानवों का विशेष अविष्कार है भाषा
उसी को अपना औजार बना
इंसानियत के अंतर्तम को झकझोरता
हृदय के जज्बातों को जगा
इंसान को इंसान बनाए रखने की चाह में
नित्य नवीन कविता गढ़ता है कवि।

✍ **अमित मिश्रा**
स्नातकोत्तर, हिन्दी

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का स्वायत्त संस्थान

NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL

An Autonomous Institution of the University Grants Commission

Certificate of Accreditation

The Executive Committee of the
National Assessment and Accreditation Council
on the recommendation of the duly appointed
Peer Team is pleased to declare the
Anugrah Narayan College
Patna, affiliated to Magadh University, Bihar as
Accredited
with CGPA of 3.18 on four point scale
at A grade
valid up to November 29, 2016

Date : November 30, 2011

HARanaiah

Director

EC/57/RAR/75

प्रशासनिक भवन

Design & Print @ Gyan Ganga Creations # 09334110685